# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 166 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 15 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**

सीएनजी भरवाने के विवाद में युवक की हत्या



**P- 4**

इलेक्टोरल बांड के नाम पर मोदी ने लांच की भ्रष्टाचार की नयी योजना



**P- 5**

अमेरिकी सांसद ने गुस्से में कहा– गाजा पर परमाणु हमला होने दीजिए



**P- 6**

केकेआर की सफलता में युवा तेज गेंदबाज हर्षित की रही है अहम भूमिका



## हैप्पी मॉर्निंग

संता– गुरुजी मुझे बताइए कि मैं कैसे अपने अंदर की कमियां ढूंढू ?
गुरुजी – बेटा...बहुत आसान है शादी कर लो।
संता– उससे क्या होगा ?
गुरुजी– तुम्हारी पत्नी न केवल तुम्हारी बल्कि तुम्हारे पूरे खानदान की कमियां इतनी बार गिनवाएगी कि तुम्हें याद हो जाएंगी।



## शायरी

किससे शिकायत करे अब आवाम यहां,
शाह आमादा है खुद हुकूमत मिटाने पर।।

## अर्थसार

सेंसेक्स:
73,104.61
+328.48 (0.45%)
निफ्टी:
22,217.85
+113.80



## मौसम



अधिकतम : 42 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 31
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 10

# हापुड़ में कार-ट्रक की टक्कर, 6 दोस्तों की मौत

## कार डिवाइडर तोड़कर सामने आ रहे ट्रक से टकराई, कैंची धाम जा रहे थे

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में आ गई। फिर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार कई मीटर तक घिसटती चली गई। सभी दोस्त कैंची धाम के दर्शन करने के लिए निकले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार से शवों और घायलों को निकाला। पुलिस के मुताबिक, हादसा सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार गाजियाबाद से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गई। उस समय कार की रफ्तार काफी तेज थी।



### कार काटकर निकाले गए शव

ग्रामीणों ने बताया, वाहनों की तेज टक्कर की आवाज से हमारी नींद खुल गई। तुरंत मौके पर पहुंचे। सबसे पहले पुलिस को सूचना दी, फिर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने लगे। लेकिन कार इतनी बुरी तरह से डैमेज थी कि लोगों को निकालना मुश्किल था। इसके बाद पुलिस आई। उन्होंने हमारे साथ मिलकर लोगों को निकालने की कोशिश की।

पुलिस ने थक-हारकर गैस कटर मंगाया। कार को काटकर सभी को निकाला गया। पुलिस एम्बुलेंस से उन्हें लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने 6 को मृत घोषित कर दिया। वहीं सचिन पुत्र राम किशन निवासी डालू हेड़ा की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया।

### हाईवे पर लगा 5 किमी लंबा जाम

लोगों ने बताया, हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर 1 घंटे तक करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम की वजह से राहगीर घंटों फंसे रहे। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात को सही कराया। हादसे में जान गंवाने वाला रोहित सैनी (33) ड्राइवर था।

अनूप सिंह (38) एक टूर एंड ट्रेवेल्स से जुड़ा था। संदीप (35) कार वॉशिंग का काम करता था। निक्की जैन (33) टाइल्स की दुकान पर नौकरी करता था। राजू जैन खिलौने की दुकान पर काम करता था और विपिन सोनी कारपेंटर था। वहीं सचिन की हालत गंभीर है।

### कैंची धाम के लिए निकले थे दोस्त, टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार

मृतक अनूप के भाई अक्षय ने बताया, ये सभी दोस्त रात करीब साढ़े 8 बजे घर से बाबा नीब करौली कैंचीधाम के लिए निकले थे। रात 12 बजे मेरे पास हापुड़ पुलिस के एक इंस्पेक्टर का फोन आया और हादसे की जानकारी दी। कार में कुल 7 लोग थे। 6 की मौत हुई है। सातवें की हालत गंभीर है। अभी हमें ये पता नहीं चल सका है कि हादसा कैसे हुआ। जब सातवें घायल की हालत कुछ ठीक होगी, तब ही वो बताने की स्थिति में आ पाएगा। हालांकि गाड़ी का एक टायर फटा हुआ है। इससे ये आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फटा और कार इससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार दूसरी साइड चली गई, जहां वो सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी।

## देश में बेरोज़गारी अपने चरम पर : आतिशी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वादा था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरियाँ देंगे लेकिन नौकरियाँ देना तो दूर, उन्होंने लोगों से नौकरियाँ छीन ली और आज देश में बेरोज़गारी अपने चरम पर है। वरिष्ठ आप नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी विधानसभा के विभिन्न इलाक़ों में सभाएँ कर दक्षिणी दिल्ली से इंडिया समूह के लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान के लिए समर्थन माँगा। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने लगातार दो बार केंद्र में भाजपा को चुना लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को जुमले देने के अलावा और कुछ नहीं किया।

# मुंबई होर्डिंग हादसा, 14 लोगों की हुई मौत

## 74 घायल; 100 फीट ऊंचा और 250 टन वजनी था, होर्डिंग मालिक परिवार सहित फरार

मुंबई। मुंबई में सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे तेज आंधी आई। घाटकोपर में 100 फीट ऊंचा और 250 टन वजनी लोहे का होर्डिंग एक पेट्रोल पंप पर जा गिरा। इस दौरान कुछ कार, टू-व्हीलर्स और पैदल यात्री इसकी चपेट में आ गए। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 74 लोग घायल हो गए। हादसे के फौरन बाद मुंबई पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शुरुआत में होर्डिंग के नीचे 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की खबर थी। धीरे-धीरे लोगों को निकाला जा रहा था। इसके बाद एनडीआरएफ ने मोर्चा संभाला। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शाम को हादसे का जायजा लेने पहुंचे थे। एनडीआरएफ के



असिस्टेंट कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बताया- सोमवार शाम से बचाव अभियान जारी है। हमने 88 लोगों को बाहर निकाला है, जिसमें से 14 लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। 31 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है और बचे हुए लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।

### होर्डिंग मालिक फरार, उस पर पहले से 20 केस दर्ज

होर्डिंग के मालिक भावेश भिंडे के खिलाफ पंत नगर पुलिस स्टेशन में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। मुंबई पुलिस भावेश भिंडे की तलाश कर रही है। सोमवार रात में पुलिस की टीम भिंडे के मुलुंड स्थित आवास पर पहुंची। हालांकि वह परिवार सहित फरार हो गया। उसका फोन भी बंद है। पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए टीमें बनाई हैं। भिंडे की कंपनी का नाम इगो मीडिया है। भिंडे पर 20 केस पहले से दर्ज हैं। इनमें से एक रेप का केस भी है। वह 2009 में मुलुंड से निर्दलीय कैंडिडेट के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ चुका है।

# दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ में बम की धमकी

## एक महीने में ऐसी चौथी घटना, इससे पहले एयरपोर्ट और 100 से ज्यादा स्कूलों को ई-मेल मिले

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिन अस्पतालों को धमकी मिली, उनमें दीपचंद बंधु, दादा देव, हेडगेवार, जीटीबी, अत्तार सैन जैन, चाचा नेहरू और डीडीयू अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी ने शुरू में 4 अस्पतालों को धमकी मिलने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें अशोक विहार स्थित दीप चंद बंधु अस्पताल से सुबह 9.45 बजे, डाबरी स्थित दादा देव अस्पताल से 10.55 में, फर्श बाजार स्थित हेडगेवार अस्पताल से 11.01 बजे और शाहदरा स्थित जीटीबी



अस्पताल से 11.12 बजे सूचना मिली थी। हालांकि, बाद में पुलिस ने बताया कि 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को ई-मेल आईडी courtisgodvwx @beeble.com से मेल आया था। बम डिस्पोजल स्क्वाड, बम डिटेक्शन टीम, फायर डिपार्टमेंट और स्थानीय पुलिस ने सभी जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल यूरोप की मेलिंग सर्विस कंपनी beeble.com से भेजे गए थे। इसमें लिखा था- मैंने तुम्हारी बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखे हैं। कुछ घंटे में उनमें धमाका होगा। तुम्हारे पास इसे रोकने के लिए कुछ घंटों का समय है। नहीं तो कई निर्दोष लोगों का खून तुम्हारे हाथों होगा। कोर्ट नामक ग्रुप इस नरसंहार के पीछे है।

### दिल्ली में एक महीने के दौरान बम धमकी की चौथी घटना

दिल्ली में पिछले एक महीने में यह चौथी घटना है, जब अस्पतालों समेत कई जगहों पर इस तरह की धमकियां मिली हैं। इससे पहले रविवार (12 मई) को दिल्ली एयरपोर्ट, 20 अस्पताल और उत्तर रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन अफसर के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 1 मई को दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने का ई-मेल भेजा गया था। बाद में पुलिस ने इस सूचना को फर्जी बताया था। 30 अप्रैल को दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

**डीएचएफएल बैंक धोखाधड़ी केस में सीबीआई का बड़ा ऐक्शन**

# पूर्व डायरेक्टर धीरज वधावन गिरफ्तार

**एजेंसी**

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने मंगलवार को 34,000 करोड़ डीएचएफएल बैंक धोखाधड़ी जांच में बैंक के पूर्व डायरेक्टर धीरज वधावन को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि वधावन को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया था और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि वधावन को पहले एजेंसी ने 'यस बैंक' भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे।

बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

**हादसा** | **जालौन में बेतवा नदी के किनारे पिकनिक कर रहे थे; नहाते समय सभी डूबे**

# बर्थडे के बाद सेलिब्रेशन मनाने आए 5 दोस्तों की मौत

जालौन। जालौन में बर्थडे के बाद सेलिब्रेशन मनाने गए 5 दोस्तों की मौत हो गई। सभी बेतवा नदी के पास पिकनिक मना रहे थे। तभी उनका नहाने का मन हुआ। सभी नहाते-नहाते आगे आ गए। फिर डूबने लगे। मरते वक्त एक-दूसरे का हाथ भी पकड़ा।

लेकिन, तैरना किसी को नहीं आता था। आवाज भी लगाई। मगर, कोई आसपास नहीं था। सभी डूब गए। 4 के शव मंगलवार को गोताखोरो व एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किए। एक की तलाश जारी है। मां और घर वाले बेटे की लाश देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। ये हादसा कोटरा के जागेश्वर धाम स्थित



सला घाट का है।

### नहाते समय एक दोस्त का पैरा फिसला

उरई में चुर्खी रोड पर एआरटीओ ऑफिस के पास के रहने वाले दोस्त अनुभव बुंदेला(17) पुत्र प्रदीप, कनिष्क(16) पुत्र कल्याण सिंह, शिवा (17) पुत्र रमाकांत, कोमेश उर्फ महेंद्र पाल पुत्र फूलचंद्र फौजी और हेमंत यादव (17) पुत्र शिवरतन यादव निवासी बोहदपुरा।

भीषण गर्मी को देखते हुए पिकनिक मनाने के लिए जागेश्वर धाम सला घाट पहुंचे थे। यहां से निकली बेतवा नदी में गर्मी मिटाने के लिए सभी लोग नहाने लगे थे। इसी दौरान नहाते समय एक दोस्त का पैर पत्थर से फिसल गया था, जिससे वह नदी में गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में उसके बाकी चारों दोस्त भी पहुंचे। वह भी नदी की धारा में आकर फंस गए थे। गहराई में चले जाने के कारण डूब गए थे।

### नदी किनारे मिले जूते-चप्पल

काफी देर होने के बाद जब पांचों लड़के कहीं नजर नहीं आए। नदी किनारे लड़कों की गाड़ियां और कपड़े के साथ जूते चप्पल दिखाई दिए थे, तो वहां मौजूद लोगों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए आसपास के लोगों को सूचना दी थी। जो मौके पर पहुंचे। उन्हें खोजने का प्रयास किया था। मगर, कुछ भी पता न चलने पर इसके बारे में पुलिस को सूचना दी।

कोटरा थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार चाहर ने बताया कि रात भर चले सर्च ऑपरेशन के बाद सुबह एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत करने के बाद कनिष्क और अनुभव के शव को बरामद कर लिया, जबकि कुछ ही देर बाद अनुभव, उमेश और अंत में हेमंत का भी शव बरामद हो गया। कोमेश की लाश अभी तक नहीं मिली है।

# पंचतत्व में विलीन हुए सुशील मोदी

## जेपी नड्डा समेत बीजेपी के कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके बड़े बेटे उत्कर्ष ने उन्हें मुखाग्नि दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सुशील मोदी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए।

पटना में मंगलवार देर शाम राजकीय सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई दी गई। सुशील मोदी के पार्थिव शरीर को मंगलवार करीब 2.20 बजे दिल्ली से पटना एयरपोर्ट लाया गया। एयरपोर्ट पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। फूलों से सजी पुलिस की गाड़ी में पार्थिव शरीर को उनके घर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया।



इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए आरएसएस ऑफिस, विधान परिषद और बीजेपी ऑफिस लाया गया।

बीजेपी कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को दीघा घाट लाया गया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दीघा घाट पर ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सोमवार शाम को दिल्ली एम्स में सुशील मोदी का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 72 साल के थे। उन्होंने करीब 7 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई थी, जिसमें कैंसर का पता चला था। दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था।

# संदेशखाली वायरल वीडियो केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) केस में वायरल वीडियो का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक महिला ने याचिका लगाकर मौजूदा हालात को लेकर एसआईटी जांच की मांग की है। एक महिला के वकील उदयादित्य बनर्जी ने कोर्ट से कहा कि संदेशखाली मामले में कई वीडियो वायरल हैं। इसमें एक व्यक्ति खुलासा कर रहा है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ रेप के आरोप झूठे थे। उनके खिलाफ झूठे आरोप भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर लगाए गए। वहीं, संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद शाहजहां शेख के खिलाफ रेप की झूठी शिकायतें हुईं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग करते हुए कहा कि वायरल वीडियो की सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी गठित की जाए।




# स्वस्थ जीवनशैली उम्र में कर सकती है इजाफा

स्वस्थ जीवनशैली उम्र पर आनुवंशिकी के प्रभाव को 60 प्रतिशत से अधिक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल और जोड़ सकती है। यह बात अच्छी तरह से स्थापित है कि कुछ लोगों में आनुवंशिक कारणों से कम जीवनकाल की प्रवृत्ति होती है। यह भी सर्वविदित है कि जीवनशैली से जुड़ी कुछ बातें, विशेष रूप से धूम्रपान, शराब का सेवन, आहार और शारीरिक गतिविधि, दीर्घायु पर प्रभाव डाल सकती हैं। अभी तक यह समझने के लिए कोई जांच नहीं हुई थी कि एक स्वस्थ जीवनशैली आनुवंशिकी को किस हद तक संतुलित कर सकती है। लेकिन अब कई-कई दीर्घकालिक अध्ययनों के निष्कर्ष सामने आए हैं जिससे पता चलता है कि एक स्वस्थ जीवनशैली जीवन को छोटा करने वाले जीन के प्रभावों को 62 प्रतिशत तक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल तक बढ़ा सकती है।

दरअसल, इन अध्ययनों के परिणाम बीएमजे एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन जीवनकाल पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम करने में स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उनका यह भी मानना है कि जीवनशैली में सुधार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक के रूप में काम कर सकती हैं। मानव जीवन पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम कर सकती हैं।

एक अध्ययन में यूके बायोबैंक में 353,742 लोगों को शामिल किया गया। इस अध्ययन से पता चला कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों में कम आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों की तुलना में समय से पहले मृत्यु का खतरा 21 प्रतिशत अधिक होता है, भले ही उनकी जीवनशैली कुछ भी हो। इस बीच, चीन में झेजियांग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और एडिनबरा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली वाले लोगों में जल्दी मौत की संभावना 78 प्रतिशत बढ़ जाती है, भले ही आनुवंशिक जोखिम जो भी हो। अध्ययन में कहा गया है कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और कम जीवनकाल के जीन वाले लोगों में भाग्यशाली जीनों और स्वस्थ जीवनशैली वाले लोगों की तुलना में समय पूर्व मौत का खतरा दोगुना हो जाता है।

हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि कम उम्र या समय से पहले मौत के आनुवंशिक जोखिम को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लगभग 62 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उनका कहना है कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोग स्वस्थ जीवनशैली के साथ 40 वर्ष की आयु में लगभग 5.22 वर्ष की जीवन प्रत्याशा बढ़ा सकते हैं। लंबे जीवन के लिए आदर्श जीवनशैली में धूम्रपान न करना, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और स्वस्थ आहार शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में औसतन 13 वर्षों तक लोगों का अनुसरण करने के बाद अपने निष्कर्ष निकाले हैं। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष में स्वास्थ्य सूचना और प्रचार प्रबंधक मैट लैम्बर्ट ने कहा कि इस नए शोध से पता चलता है कि आनुवंशिक कारकों के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली जीने से हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है।

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम के कारण शरीर के भीतर होने वाली प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा जटिल और दूरगामी होती है। अमेरिका के वैज्ञानिकों के नए अध्ययन में पता लगाया है कि शारीरिक गतिविधियों के कारण जानवरों के सभी 19 अंगों में कई तरह के कोशिकीय और आणविक परिवर्तन होते हैं। व्यायाम कई बीमारियों के खतरे को कम करता है, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि व्यायाम शरीर को आणविक स्तर पर कैसे बदलता है। अधिकांश पिछले अध्ययनों ने एक ही अंग या लिंग पर ध्यान केंद्रित किया और इनमें सिर्फ एक या दो तरह के डेटा शामिल किए किए।

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई 2024 पर विशेष

# पर्यावरण को स्वर्गमय बनाने की शुरुआत परिवार से हो



-ललित गर्ग-

परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने, एकजुटता के आदर्शों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को मजबूत करने वाले प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए इसे 1994 में एक संकल्प के रूप में अपनाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका थीम है परिवार और जलवायु परिवर्तन। इसका लक्ष्य परिवारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। परिवार और सामुदायिक पहल शिक्षा, सूचना पहुंच, प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी प्रदान करके जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण एवं जीवन पर पड़ रहे खतरों से सावधान करना एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाना है। 1983 में, आर्थिक और सामाजिक परिषद और सामाजिक विकास आयोग ने सिफारिश की कि संयुक्त राष्ट्र पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएँ दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए, 1993 में, इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया।

स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। दरअसल सही अर्थों में परिवार वह संरचना है, जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन, सुख-दुःख की साझेदारी, सबमें सबके होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का अवकाश है, अनुशासना के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली में जीता है। वृद्धत्व जीए गये अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसे परिवार रूपी परिवेश में सुखी जीवन का स्रोत प्रवहमान रहता आया है। लेकिन आज इस परिवार की संरचना में आंच आयी हुई है। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ है। विश्वास संदेह में उतर रहा है। कोई किसी को सहने और समझने की कोशिश नहीं कर रहा है। इन स्थितियों पर नियंत्रण की दृष्टि विश्व परिवार दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता आज अधिक सामने आ रही है।



परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य रहा है या फिर है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता कितने ही परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने को परिष्कृत कर ले, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। परिवार बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। बावजूद इसके क्यों परिवार बिखर रहे हैं, परिवार संस्था के अस्तित्व पर क्यों धुंधलके छा रहे हैं- इस तरह के प्रश्न समाधान चाहते हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने इसी समाधान के लिये हिन्दू विवाह परम्परा को बल देने की बात हाल ही में कही हैं।

सच है कि आज संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं। एकल परिवार भी तनाव में जी रहे हैं। बदलते परिवेश में पारिवारिक सौहार्द का ग्राफ नीचे गिर रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। परिवार से पृथकता तक तो ठीक है, किंतु उसके मूल आधार स्नेह में भी खटास पड़ जाती है।

स्नेह सूत्र से विच्छिन्न परिवार, फिर 'घर' के दिव्य भाव को नहीं जी पाता क्योंकि तब उसकी दशा 'परिवार के सदस्यों की परस्पर अजनबी समूह' जैसी हो जाती है। समस्या आदिकाल से है, किंतु वह अब तक इसलिए है क्योंकि अधिकांश परिवारों ने समाधान के अति सरल उपायों पर विचार ही नहीं किया या फिर यों कहें कि अपनी रूढ़िवादिता की झोंक में विचार करना पसंद ही नहीं किया। मेरे विचार से, स्नेह, सम्मान और स्वतंत्रता की सूत्रत्रयी ही समाधान का मूल है। यदि तीनों का परस्पर अंतर्संबंध समझकर उसे आचरण में उतार लें, तो घर को 'स्वर्ग' बनते देर नहीं लगेगी। जब घर स्वर्ग बनने लगेंगे तो दुनिया, प्रकृति एवं पर्यावरण भी स्वर्गमय बन जायेंगे।

दुनिया भर की धन दौलत व्यक्ति को वह सुकून नहीं दे सकती, जो स्नेह और सम्मान का मधुर भाव देता है।

इन्सान की पहचान उसके संस्कारों से बनती है। संस्कार उसके समूचे जीवन को व्याख्यायित करते हैं। संस्कार हमारी जीवनी शक्ति है, यह एक निरंतर जलने वाली ऐसी दीपशिखा है जो जीवन के अंधेरे मोड़ों पर भी प्रकाश की किरणें बिछा देती है।

उच्च संस्कार ही मानव को महामानव बनाते हैं। सद्संस्कार उत्कृष्ट अमूल्य सम्पदा है जिसके आगे संसार की धन दौलत का कुछ भी मौल नहीं है। सद्संस्कार मनुष्य की अमूल्य धरोहर है, मनुष्य के पास यही एक ऐसा धन है जो व्यक्ति को इज्जत से जीना सिखाता है और यही सुखी परिवार का आधार है। वास्तव में बच्चे तो कच्चे घड़े के समान होते हैं उन्हें आप जैसे आकार में ढालेंगे वे उसी आकार में ढल जाएंगे। मां के उच्च संस्कार बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। प्रख्यात साहित्यकार जैनेन्द्रजी ने इतस्तत में कहा है, परिवार मर्यादाओं से बनता है। परस्पर कर्त्तव्य होते हैं, अनुशासन होता है और उस नियत परम्परा में कुछ जनों की इकाई हित के आसपास जुटकर व्यूह में चलती है। उस इकाई के प्रति हर सदस्य अपना आत्मदान करता है, इज्जत खानदान की होती है। हर एक उससे लाभ लेता है और अपना त्याग देता है।

आज की भोगवादी संस्कृति ने उपभोक्तावाद को जिस तरह से बढ़ावा दिया है उससे बाहरी चमक-दमक से ही आदमी को पहचाना जाता है। यह बड़ा भयानक है। उससे ही अपसांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और ये ही स्थितियां पारिवारिक बिखराव का बड़ा कारण बन रही है। वही आदमी श्रेष्ठ है जो संस्कृति को शालीन बनाये। वही औरत शालीन है जो परिवार को इज्जतदार बनाये। परिवार इज्जतदार बनता है तभी सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उसी से कल्याणकारी मानव संस्कृति का निर्माण हो सकता है। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र बनाया जा सकता है इसी उद्देश्य को लेकर श्रद्धेय गणि राजेन्द्र विजयजी के मार्गदर्शन में सुखी परिवार अभियान चलाया जा रहा है।

मेरी दृष्टि में इस अभियान के माध्यम से बदलते पारिवारिक परिवेश पर गंभीरता से चिन्तन-मनन हो रहा है और समय-समय पर पारिवारिक संरचना को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रभावी प्रयत्न भी किये जा रहे हैं। हाल ही में गुजरात के बडोदरा एवं छोटा उदयपुर जिले के हजारों आदिवासी परिवारों में गणि राजेन्द्र विजयजी ने पारिवारिक सौहार्द का जो प्रशिक्षण दिया, उसके परिणाम भी सुखद रहे हैं। पारिवारिक सौहार्द के इस तरह के प्रयत्न हमारे परिवारों के लिये संजीवनी बन सकती है। इससे जहां हमारी परिवार परम्परा और संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठापित किया जा सकेगा।

वहां स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ चिन्तन की पावन त्रिवेणी से स्नात होने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त हो सकेगा। जब परिवार वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आत्मसात करेंगे तभी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी। व्यक्ति से परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व मानवता का उन्नयन एवं उत्थान संभव है।

# टाईम पास

## उपभोक्ताओं को गलत जानकारियां और सेहत के साथ खिलवाड़

आइसीएमआर ने तो डिब्बों पर लिखे विवरण जांच कर ही खाद्य पदार्थ खरीदने की सलाह जारी कर दी है, मगर सवाल है कि ऐसा कितने लोग कर पाते हैं और कर पाएंगे।

लंबे समय से इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि डिब्बाबंद और तुरंता आहार खासकर बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं।

कुछ दिन पहले भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर की आनुषंगिक संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अपने एक अध्ययन में बताया था कि जीवन-शैली संबंधी आधी से अधिक बीमारियां खानपान में गड़बड़ी की वजह से होती हैं। अब उसी क्रम में आइसीएमआर ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के ऊपर लिखी जानकारियां भ्रामक हो सकती हैं। इसलिए उनके चुनाव में सावधानी बरतनी चाहिए। उसने बकायदा उदाहरण देकर समझाया है कि फलों के रस के नाम पर बिकने वाले पेय में दस फीसद ही फलों का अंश हो सकता है, बाकी शर्करा हो सकती है।


ऐसे अनेक खाद्य पदार्थों के डिब्बों पर भ्रामक दावे लिखे मिल सकते हैं कि उनका उपयोग सेहत के लिए अच्छा है। निश्चय ही आइसीएमआर के इस सुझाव से लोगों में कुछ जागरूकता पैदा हो सकती है।

मगर सवाल है कि जब यह बात खुद आइसीएमआर जैसी स्वास्थ्य से जुड़ी शीर्ष संस्था को पता है कि भ्रामक जानकारियों के साथ डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे हैं, तो इसके प्रति वह केवल उपभोक्ता को जागरूक बना कर इस समस्या से पार पा लेने का कैसे भरोसा कर सकती है। लंबे समय से इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि डिब्बाबंद और तुरंता आहार खासकर बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं। इनके चलते मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग जैसी अनेक बीमारियां पैदा हो रही हैं।

फिर भी हैरानी की बात है कि ऐसे खाद्य पदार्थों के जोखिम खुद उपभोक्ता के कंधे पर डाल कर जिम्मेदारी से मुक्ति पा लेने की कोशिश की जा रही है। कुछ दशक पहले जब डिब्बाबंद खाद्य और पेय पदार्थों में हानिकारक तत्त्व मिले होने को लेकर सवाल उठने शुरू हुए थे, तब सरकार ने ऐसे उत्पाद की गुणवत्ता पर नजर रखने और कंपनियों को जवाबदेह बनाने की गरज से भारत खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसआइ का गठन किया था।

यह नियम बना कि एफएसएसआइ से प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना कोई भी डिब्बाबंद या पैकेट वाला खाद्य पदार्थ बाजार में नहीं उतारा जा सकता। बाजार में उपलब्ध इस तरह के हर खाद्य पदार्थ की थैली या डिब्बे पर इस प्रमाणपत्र का उल्लेख होता है। मगर इसके बावजूद उनमें हानिकारक पदार्थों का इस्तेमाल और भ्रामक दावे बंद नहीं हो पा रहे हैं, तो इस बारे में नए सिरे से सोचने की जरूरत है। आइसीएमआर ने तो डिब्बों पर लिखे विवरण जांच कर ही खाद्य पदार्थ खरीदने की सलाह जारी कर दी है, मगर सवाल है कि ऐसा कितने लोग कर पाते हैं और कर पाएंगे। खाद्य पदार्थों की थैलियों और डिब्बों पर अव्वल तो विवरण इतने महीन अक्षरों में लिखे होते हैं कि उन्हें पढ़ना मुश्किल होता है। ज्यादातर विवरण अंग्रेजी में होते हैं। कितने लोग अंग्रेजी पढ़ पाते हैं। दूर-दराज गांवों के लोगों के लिए तो वह विवरण काला अक्षर भैंस बराबर ही होता है। फिर, ऐसे पदार्थों के उपभोक्ता ज्यादातर बच्चे, किशोर और युवा होते हैं। उनकी जीभ पर अब ऐसी चीजों का स्वाद इस कदर चढ़ चुका है कि वे विवरण बांच कर उन्हें खरीदते ही नहीं।

## काकुरो पहेली - 3182




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3181 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- 'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूँ.'


□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3182



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अम्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3181



## सूडोकु -3182


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3181 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3182



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा -2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

शब्द पहेली - 3181 का हल



# सीएनजी भरवाने के विवाद में युवक की हत्या

## दबंगों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर मार डाला, बुआ के घर आया था युवक; दो आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में कार सवार युवक की दबंगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी।

इन लोगों के बीच गाड़ी में सीएनजी भरवाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद दबंगों ने सीएनजी पंप से निकलते ही युवक की गाड़ी को रास्ते में रोक लिया और लाठी डंडों से वार करके युवक को लहूलुहान कर दिया।

मौके पर मौजूद लोगों युवक को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, सोमवार शाम को गाजियाबाद के रसतल का रहने वाला अमन कसाना अपने बच्चे के साथ अपनी बुआ के यहां खेड़ा चौगानपुर से गाजियाबाद के लिए जा रहा था। वह खेड़ा चौगानपुर के सीएनजी पम्प पर अपनी गाड़ी आई-10 में सीएजी भरवाने लगा।

तभी एक कार सवार कुछ लोग भी आ गए और वह अपनी गाड़ी उसी लाइन में आगे लगाने लगे। सीएनजी



पंप की लाइन में लगने को लेकर दोनों लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया, बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में गाली गलौज भी हो गई। उसके बाद कार सवार दबंग देख लेने की धमकी देकर चले गए।

### रास्ते में रोक कर लाठी डंडों से किया हमला

सीएनजी भरवाने के बाद अमन जब जाने लगा तो रास्ते में कार सवारों ने ओवरटेक करके उसे रोक लिया। कुछ अन्य लोगों को भी बुला लिया। गाड़ी से बाहर निकाल कर युवक के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान लाठी डंडों से वार करके उसको लहू लुहान कर दिया। मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तत्काल प्रभाव से इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कुमार ने बताया कि थाना इकोटेक-3 क्षेत्र के अंतर्गत सीएनजी पंप, खेड़ा चौगानपुर पर अमन पुत्र राम कुमार अपनी कार में सीएनजी भरवाने के लिए आए थे। तभी उनका लाइन में लगने को लेकर अजय उर्फ अज्जू पुत्र संजय से विवाद हो गया, जिस पर अजय उर्फ अज्जू ने अपने मित्र अंकुश और ऋषभ के साथ मिलकर सीएनजी पंप के बाहर अमन के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अमन को घायल अवस्था में अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

### दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने अजय उर्फ अज्जू पुत्र संजय निवासी खैरपुर गुर्जर और उसके साथी ऋषभ पुत्र दिनेश निवासी खेड़ा चौगानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अजय की कार को कब्जे में लेते हुए उसमें से आलाकत्ल डंडा जिसपर ब्लड लगा हुआ है, बरामद किया गया है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गयी। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। शीघ्र ही गिरफ्तार किया जायेगा।

# नोएडा में पति ने की पत्नी की हत्या

## शराब पीने को लेकर बहस हुई थी, गुस्से में ईट से हमला कर दिया

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में एक युवक की अपनी पत्नी से बहस हो गई। जिसके बाद उसने सिर पर ईट से हमला कर दिया। महिला के सिर से खून बहने लगा। उसके शोर मचाते ही पति भाग गया।

पत्नी को घायल हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शराब पीने को लेकर झगड़ा हुआ था

रीमा उर्फ प्रतिभा गिरी (27) मूलरुप से फैजाबाद की रहने वाली थी। उसकी शादी करीब 10 साल पहले हरेंद्र गिरी से हुई थी। वह छिजारसी कॉलोनी में पति के साथ रहती थी। सोमवार रात में हरेंद्र शराब पीकर आया था। नशे में पत्नी से उसकी किसी बात को लेकर बहस हो गई। इसके बाद रीमा सोने चली गई।

जिसके बाद हरेंद्र पीछे से उसके कमरे में आया। उसने सिर पर ईट से वार कर दिया। पत्नी घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। उसने चिल्लाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे।

उन्होंने रीमा को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों की तीन बेटी है।

सबसे छोटी बच्ची की उम्र 1.5 साल है। बड़ी बेटी 8 साल और बीच वाली 5 साल की है।

पुलिस के अनुसार परिवार के साथ इसकी चचेरी साली भी साथ रहती थी। आरोप है कि हरेंद्र चचेरी साली को गलत निगाह से देखता था।

जिसको लेकर भी कई बार पति पत्नी के बीच झगड़ा हो चुका है। इसकी जानकारी पूछताछ में हुई है।

# पॉश एरिया में बना रहे थे रील: पुलिस ने 3 युवकों को अरेस्ट किया

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के पॉश एरिया में रील बनाना तीन युवकों को भारी पड़ गया। दरअसल तीन युवा सेक्टर-18 में व्यक्ति का अपहरण की एक्टिंग करते हुए रील बना रहे थे। वहां किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। साथ ही पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने एक्शन लेते हुए इस मामले में तीन युवकों को पकड़ा। जिनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है। ये पूरा मामला सोमवार का है।

साफ दिख रहा है कि कुछ युवक एक कार के पास खड़े है। कार के आगे कैमरा लगा है। और एक युवक को जबरन कार में बैठाने का प्रयास कर रहे है। सामने कैमरे से इसे शूट किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ये लोग लाइक के लिए ऐसा कर रहे थे। इस वीडियो को सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर रील के रूप में अपलोड करने वाले थे।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने वीडियो संज्ञान में लिया और तीन युवक अजीत कुमार (28) पुत्र लोक बहादुर निवासी ग्राम सर्फाबाद, दीपक पुत्र स्व0 गणेशी लाल निवासी बरौला और अभिषेक कुमार पुत्र सुधीर कुमार निवासी बरौला को गिरफ्तार किया। ये तीनों ही सेक्टर-18, नोएडा में रोड पर स्टंटबाजी करते हुए इंस्टाग्राम पर रील बना रहे थे। पुलिस ने बताया कि तीनों युवकों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# ग्रेनो प्राधिकरण के ओएसडी ने किया औचक निरीक्षण

## गंदगी मिलने पर लगाया 50 हजार का जुर्माना, दुकानदारों के साथ बैठक के निर्देश

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार सफाई व्यवस्था का जायजा लेने अचानक ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर व सेक्टर पाई पहुंच गए। तुगलपुर में सब्जी-फल मंडी के पास कूड़े का ढेर मिलने पर संबंधित फर्म पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। दोबारा गंदगी मिलने पर और कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को ग्रेटर नोएडा के गांवों व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही है।



ओएसडी संतोष कुमार सुबह तुगलपुर में औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। वहां सब्जी मंडी के सामने रोड के किनारे कूड़े का ढेर लगा था। वे गांव में भी घूमे। सफाई व्यवस्था में खामी मिलने पर संबंधित फर्म और स्वास्थ्य विभाग की टीम से कड़ी नाराजगी जताई।

### कूड़े को नाली में न फेंकने के निर्देश

ओएसडी ने संबंधित फर्म बिमलराज आउटसोर्स पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। ओएसडी ने दुकानदारों को कूड़े के लिए डस्टबिन रखने और आसपास साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। कूड़े को नाली में न फेंकने के निर्देश दिए। ओएसडी ने स्वास्थ्य विभाग से दुकानदारों के साथ नियमित बैठक कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त के निर्देश दिए।

### लोगों से सफाई में सहयोग की अपील की

इसके बाद ओएसडी ने सेक्टर पाई में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

यहां भी सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडावासियों से भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग की अपील की है।

# पीएफए सदस्य ने एल्विश से बताया जान का खतरा

## नोएडा पुलिस से वॉट्सऐप पर की शिकायत, बोले- सड़क हादसे में मरवा सकता है

नोएडा। रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने का आरोप यूट्यूबर एल्विश यादव पर लगाने वाले वादी और पीएफए सदस्य गौरव गुप्ता, मामले के गवाह बने उनके भाई सौरभ गुप्ता ने जान का खतरा बताते हुए नोएडा पुलिस से शिकायत की है। दोनों ने एल्विश यादव से खतरा बताया है।

इस संबंध में वादी ने नोएडा पुलिस को वॉट्सऐप पर शिकायत भेज कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि वादी और उसके भाई के घर की रेकी कराई जा रही है। दोनों के वाहनों का अज्ञात युवकों द्वारा पीछा किया जा रहा है।

### एल्विश के खिलाफ ऐसे सबूत हैं, जिससे जान को खतरा

आरोप है कि एल्विश और उसके



सहयोगी उसे सड़क हादसे में मरवा सकते हैं या झूठे केस में फंसा सकते हैं। पुलिस आयुक्त के नाम भेजी शिकायत में सौरभ गुप्ता ने बताया कि वह नोएडा में एल्विश के खिलाफ दर्ज केस के गवाह हैं और उनका भाई वादी है। उसने बताया कि उसके पास कुछ ऐसे साक्ष्य हैं, जिससे साबित होता है कि उनकी जान को बराबर खतरा बना हुआ है। उन्होंने सभी साक्ष्य जल्द ही नोएडा पुलिस को सौंपने की बात कही है। आरोप है कि ऐसा सिर्फ इसलिए किया जा रहा है ताकि दोनों भाई इस केस से पीछे हट जाएं। दोनों का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे और अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। सौरभ गुप्ता का यह भी कहना है जब वह गाजियाबाद पुलिस से इसकी शिकायत करते हैं, तो कहा जाता है कि एल्विश के खिलाफ केस नोएडा में दर्ज है, ऐसे में शिकायत वहां करनी होगी।

वहीं नोएडा पुलिस यह कहकर टरका देती है कि घर जब गाजियाबाद में है तो केस भी वहीं दर्ज होगा। नोएडा पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अगर सौरभ और गौरव गुप्ता मामले की लिखित शिकायत करते हैं तो जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएफए के गौरव गुप्ता ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज कराया था मुकदमा

पुलिस के मुताबिक एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ बीते साल 3 नवंबर 2023 को कोतवाली सेक्टर-49 में पीएफए के गौरव गुप्ता ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को उसी समय सांप और स्नेक वैनम के साथ गिरफ्तार किया था। बाद में इसी मामले में एल्विश और उसके साथियों की गिरफ्तारी भी नोएडा पुलिस ने की। इस समय सभी आरोपी जेल से बाहर हैं। नोएडा पुलिस ने इस केस में 1200 से अधिक पन्नों की चार्जशीट भी न्यायालय में दाखिल कर दी है।

# यीडा मामले में एनसीएलएटी के फैसले के बाद साफ होगी तस्वीर

नोएडा। जेपी इंफ्राटेक के सेक्टर-128 स्थित जेपी विशटाउन मामले में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के यमुना प्राधिकरण (यीडा) के मामले में फैसले पर परियोजना के निर्माण की तस्वीर साफ होगी। परियोजना का काम सुरक्षा रियल्टर्स को मिला है। लेकिन कोर्ट में चल रहे मामलों की वजह से काम की प्रगति काफी धीमी है। ऐसे में परियोजना के पूरा होने पर असर पड़ रहा है।

यीडा ने अप्रैल 2023 में एनसीएलएटी में रिज़ॉल्यूशन प्लान की मंजूरी को चुनौती दी। एनसीएलटी का वैध आदेश होने के बावजूद जुलाई 2023 में अचानक सुरक्षा ने यीडा को एक समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत किया। सुरक्षा ने घर खरीदने वालों को भरोसा दिलाया कि यूपी कैबिनेट जल्द ही समझौता प्रस्ताव को मंजूरी दे देगी। 18 अप्रैल 2024 को यीडा ने एनसीएलएटी में समझौता प्रस्ताव को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया और यीडा के मामले में योग्यता के आधार पर सुनवाई शुरू हुई। 18 दिन के अंदर यानी 06 मई को एनसीएलएटी ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

### गिनती के फ्लैटों की रजिस्ट्री

दरअसल बीते एक साल में जेपी की परियोजना में गिनती के फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री हुई है। बीते वर्ष मार्च में सुरक्षा रियल्टर्स ने जेपी की परियोजनाओं के टेकओवर के बाद साढ़े तीन साल में 250 टावरों का काम पूरा करने का दावा किया था। लेकिन दावा हवा-हवाई साबित हुआ। टेकओवर के एक साल बाद भी काम की रफ्तार काफी धीमी है।

# आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता पर हमले में तीन गिरफ्तार

## नोएडा में बैट से कार में तोड़फोड़ की थी, पहले भी कर चुके थे अटैक



नोएडा। आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला कर गाड़ी का शीशा तोड़ने के मामले में सेक्टर-113 पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार और बाइक भी बरामद कर ली है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को दी शिकायत में नोएडा एक्सटेंशन निवासी सुशील कुमार ने बताया था कि वह 2012 से सेक्टर-81 स्थित सैमसंग कंपनी में मैनेजर हैं। 13 मई 2024 को वह कार से कंपनी जा रहे थे। रास्ते में सेक्टर-79 की रेड लाइट के कारण खड़े थे।

इसी दौरान दो युवक आए और सुशील कुमार की कार का शीशा क्रिकेट बैट से तोड़ने लगे। चंद सेकेंड में दोनों ने गाड़ी का शीशा चकनाचूर कर दिया। दोनों ने शिकायतकर्ता को भी मारने का प्रयास किया। पीड़ित किसी तरह गाड़ी से उतरकर भाग गए।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। सुशील कुमार ने बताया कि इन दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर 5 अप्रैल 2024 को भी उनकी गाड़ी पर हमला किया था। शिकायतकर्ता का कहना है कि सुनपुरा गांव का कृष्ण कुमार भी उनकी कंपनी में काम करता है। वह पद में जूनियर है तथा शिकायतकर्ता को अपने प्रभाव में रखना चाहता है।

# दहेज में बुलेट मांगने पर बारात को बंधक बनाया

दादरी। जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव में रविवार को गाजियाबाद से आई बारात को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बारात लेकर आए दूल्हे के परिजन निकाह में बुलेट बाइक की मांग करने लगे। इसके बाद माहौल बिगड़ गया। दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। निकाह में आए लोगों ने दूल्हे को समझने का प्रयास किया। मगर बात नहीं बन सकी। इसके बाद निकाह के बाद तलाक की रस्म पूरी कर ली गई। फिर पंचायत में निकाह में हुए खर्च की भरपाई दूल्हे पक्ष के लोगों द्वारा की गई। इसके बाद बारात बगैर दुल्हन के विदा हो सकी। गाजियाबाद के डासना कलछीना गांव के रहने वाले सलीम के बेटे अबू बकर और उमर हयात की शादी कलौंदा गांव के रहने वाले इकबाल की दोनों बेटियों से हुई थी। रविवार को निकाह के लिए बारात कलौंदा गांव पहुंच गई। निकाह की रस्म पूरी की गई, मगर विदाई के दौरान दोनों दूल्हे बुलेट बाइक की मांग को लेकर अड़ गए। दुल्हे के परिजन भी दुल्हन को विदा करने पर सहमत नहीं हुए।

# एयरपोर्ट तक पहुंचाएंगी रैपिड रेल, ट्रैक को दो चरणों में बनाया जाएगा

## 37 किमी के पहले चरण में गाजियाबाद से कासना तक का निर्माण केंद्र सरकार करेगी

ग्रेटर नोएडा। जिले में रैपिड रेल और मेट्रो रेल का रूट फाइनल कर दिया गया है। अधिकारी दिसंबर-2024 से काम शुरू करने का दावा कर रहे हैं। इस ट्रैक को दो चरणों में बनाया जाएगा और इसी पर रैपिड और मेट्रो दौड़ेगी। 37 किमी के पहले चरण में गाजियाबाद से कासना तक का निर्माण केंद्र सरकार करेगी।

वहीं, 35 किमी का दूसरा चरण कासना से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रदेश सरकार बनाएगी। वर्ष 2029 तक 72 किमी लंबे ट्रैक पर गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच 22 स्टेशनों का निर्माण होगा, हालांकि बाद में यहां 37 स्टेशन बनेंगे। चुनाव बाद इसे कैबिनेट से स्वीकृत होने के बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

नोएडा एयरपोर्ट को रैपिड रेल (नमो भारत) से जोड़ने की परियोजना को लेकर यमुना प्राधिकरण गंभीर है और एनसीआरटीसी ने इसकी



डीपीआर शासन को भेजी चुकी है। पहला चरण गाजियाबाद वाया ग्रेनो वेस्ट, सूरजपुर, जगत फार्म व परी चौक होते हुए कासना गांव के पास रुकेगा, जबकि दूसरा कासना से एयरपोर्ट तक रहेगा। डीपीआर के मुताबिक, गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच प्रथम चरण में 22 स्टेशन होंगे, जबकि 13 स्टेशन भविष्य के लिए रखे गए हैं। निर्माण पर लगभग 17,343 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किमी लंबे एलिवेटेड रूट के निर्माण का लक्ष्य 2029 रखा गया है। इसके पर 17,343 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20, राज्य सरकार की 50 व नायल की 30 फीसदी होगी। इस रूट पर वर्ष 2031 में 3.09 लाख और 2054-55 में यात्रियों की संख्या 7.04 लाख होगी।

### गाजियाबाद और एयरपोर्ट के बीच ये होंगे स्टेशन

सिद्धार्थ विहार (गाजियाबाद), गाजियाबाद साउथ, ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-16 सी, ग्रेनो वेस्ट-चार, ईकोटेक-12, ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-दो, ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-तीन, ग्रेनो वेस्ट - 10, ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-12, नॉलेज पार्क- पांच, पुलिस लाइन सूरजपुर, मलकपुर, ईकोटेक-दो, नॉलेज पार्क-तीन, अल्फा-एक, ओमेगा-तीन, ईकोटेक-1-ई, ईकोटेक छह, दनकौर, यीडा नॉर्थ सेक्टर-18, यीडा सेक्टर-21, नोएडा एयरपोर्ट।

# शार्ट न्यूज

## केन्या बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी मदद



गाजियाबाद। केन्या में बाढ़ से हर तरफ तबाही मची हुई है। ऐसे में भारत सरकार ने केन्या की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। भारतीय वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर विमान ने मंगलवार सुबह 40 टन राहत सामग्री लेकर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी। 40 टन राहत सामग्री में दवाओं, चिकित्सा आपूर्ति के अलावा कंबल, सूखे खाने के पैकेट (रेडी टू ईट), स्लीपिंग बेड्स, टैंट, हाईजिन किट आदि शामिल हैं। बिजली व्यवस्था के लिए जेनरेटर भी भेजे गए हैं। इन सभी सामग्री की पैकिंग गाजियाबाद में NDRF बटालियन में हुई। वहां से इन्हें ट्रकों में लादकर हिंडन एयरबेस पर लाया गया। जहां से मंगलवार सुबह सी-17 ग्लोबमास्टर ने केन्या के लिए उड़ान भरी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 40 टन दवाओं, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य उपकरणों से युक्त एचएडीआर सामग्री की दूसरी किश्त केन्या के लिए रवाना हो रही है। एक ऐतिहासिक साझेदारी के लिए खड़े होकर, दुनिया के लिए एक विश्वबंधु।

## 13 दिन से स्कूल के बाहर धरना जारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के संजय नगर सेक्टर 23 स्थित देहरादून पब्लिक स्कूल के बाहर धरना देते हुए आज 13वां दिन है। बच्चों के पेरेंट्स और गाजियाबाद पैरेंट संगठन की तरफ से यह धरना दिया जा रहा है। आरोप है कि स्कूल ने बिना आदेश खराब मौसम का बहाना बनाकर 13 मई से 17 मई तक ऑन लाइन क्लास संचालित करने का आदेश दिया है। साथ ही मधुबन बापूधाम की ब्रांच में भेजे जाने का विरोध पर 100 से ज्यादा बच्चो को ऑन लाइन क्लास से रिमूव कर दिया गया है। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि डीडीपीएस स्कूल के कक्षा 6 एवम 7 के छात्रों को जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारी की बिना अनुमति के खराब मौसम का बहाना बना ऑन लाइन क्लास संचालित करने का आदेश जारी कर दिया है। जबकि गाजियाबाद के सभी स्कूल ऑफ लाइन क्लास लगा रहे हैं। विवेक ने आरोप लगाया कि साथ ही डीडीपीएस सेक्टर 23 से लगभग 12 किलोमीटर दूर मधुबन बापूधाम का स्कूल जो 8 तक यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियो को ऑन लाइन क्लास से रिमूव कर दिया है। जिसको लेकर अभिभावक और बच्चे गहरे मानसिक तनाव में है। स्कूल द्वारा पिछले 30 दिन से अभिभावकों और बच्चो का शोषण किया जा रहा है।

## आग का तांडव, चार झोपड़ियों में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में दो आग की घटनाएं हो गई। एक आग के तांडव में चार झोपड़ियां जल गई तो वहीं सड़क पर चलती हुई टाटा मैजिक में भी आग लग गई। झोपड़ी गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में थी वहीं थाना कोतवाली क्षेत्र में टाटा मैजिक में चलते समय अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि ग़ाज़ियाबाद के फ़ायर स्टेशन कोतवाली में थाना विजयनगर के सिद्धार्थ बिहार एसटीपी प्लांट के पास में झोपड़ियो में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 01 फायर टैंकर तथा 01 फायर टैंकर क्रासिंग रिपब्लिक से यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो झोपड़ियों में आग थी। सकरा रास्ता होने के कारण एक ही छोटा फायर टैंकर घटना स्थल तक पहुंच पाया और फायर यूनिट ने शीघ्रता से फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर आग को पूर्ण रूप से शांत किया। इस आग में 04 झोपडियां जल गई। ये 04 झोपड़ियाँ शिवकुमार, हुकम सिंह व प्रकाश नाम के व्यक्तियों की थी। इस आग में कोई जनहानि नहीं है। वहीं गाजियाबाद की थाना कोतवाली क्षेत्र में भी चलती हुई टाटा मैजिक में आग लग गई।

## गाजियाबाद में दूधिया को गोली मारी



गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी इलाके में सोमवार रात दो बदमाशों ने एक दूधिया को गोली मार दी। गोली उसके पैर में लगी है। घायल को दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रुपयों के लेनदेन के विवाद में दो लड़कों पर गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ये वारदात सोमवार रात लोनी थाना क्षेत्र में गांव चिरौड़ी रोड पर निठोरा गेट के नजदीक हुई। गांव सिरोली निवासी 40 वर्षीय सतपाल दूधिया है। वो सोमवार रात गाजियाबाद से दूध देकर बाइक से वापस गांव लौट रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसको रोक लिया और पैर में गोली मार दी। सतपाल ने पुलिस को बताया कि गांव ढिकौली निवासी रजत और प्रशांत से उसका भैंस खरीद के रुपयों का लेनदेन चल रहा है। वो सारे पैसे दे चुका है। इसके बावजूद दोनों भाई पैसे मांग रहे हैं। इसी बात पर सोमवार रात कहासुनी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में सतपाल की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को सुरक्षा देना नहीं संभव

ग्रेटर नोएडा। जिला प्रशासन ने यमुना व हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के लिए चेतावनी जारी की है। चेतावनी दी है कि बाढ़ की स्थिति मे अवैध निर्माण को सुरक्षा देना संभव नहीं होगा। अगर किसी तरह की जनहानि होगी तो लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। साथ ही नए निर्माण को तत्काल बंद करने और पुराने निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया है। चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं किया तो फिर प्रशासन की टीम किसी भी दिन कार्रवाई कर सकती है। गौतमबुद्ध नगर में हिंडन के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण हो रहा है। डूब क्षेत्र में लगातार कॉलोनी काटी जा रही है। छिजारसी से लेकर मोमनाथल तक बड़ी संख्या में मकान बन चुके हैं। वहीं, डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण चल रहा है। वहां फार्म हाउस बन रहे हैं। साथ ही आवासीय भवन के साथ-साथ स्कूल, क्रेशर प्लांट, हॉट मिक्स प्लांट, कंक्रीट, रेडी मिक्स प्लांट और बदरपुर सैंड की धुलाई की हौदियां बनी हैं। सिंचाई विभाग के अफसरों का कहना है कि अगर बाढ़ आती है तो डूब क्षेत्र के अवैध निर्माण में होने वाली जन-हानि को रोका नहीं जा सकता है। कोर्ट ने डूब क्षेत्र में निर्माण पर रोक लगा रखी है। ऐसे में अगर किसी तरह की क्षतिपूर्ति होती है तो उसकी भरपाई नहीं की जाएगी।

## दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ी हवा

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर की हवा प्रदूषित हो रही है। हवा में प्रदूषण बढ़ने की वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में पहुंच चुका है। ऐसे में एनजीटी ने अब वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी ने सीएक्यूएम से ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के प्रतिबंध लागू करने के लिए भी परीक्षण करने के लिए कहा है। इसके लिए एक रिपोर्ट भी आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार कर एनजीटी को देगा। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि मई के पहले सप्ताह में लगातार तीन से छह मई तक हवा खराब श्रेणी में रही। दिल्ली में ही एक्यूआई तीन मई को 264, चार मई को 281, पांच मई को 291 और छह मई को 247 रहा। यह सीधे तौर पर हवा के खराब होने का संकेत है। सीएक्यूएम का नियम है कि लगातार 72 घंटे से अधिक हवा के खराब होने की स्थिति में ग्रैप के प्रतिबंध लागू हो जाते हैं। एक्यूआई के 201 से 300 के बीच मिलने पर ग्रैप-1 के प्रतिबंध लागू होने चाहिए। एनजीटी ने सीएक्यूएम से पूछा है कि आखिर क्यों अब तक प्रतिबंध लागू नहीं किए गए हैं जबकि पांच मई को एक्यूआई 291 तक पहुंच गया।

# इलेक्टोरल बांड के नाम पर मोदी ने लांच की भ्रष्टाचार की नयी योजना



अमेठी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुये कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार तो भ्रष्टाचार की नयी योजना ही ले आयी।

वाड्रा ने गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कहा भाजपा प्रचार करती है कि मोदी चूंकि भ्रष्टाचार को समाप्त करने में लगे हैं, इसलिये सारे विपक्षी दल उनके पीछे पड़े हैं मगर प्रधानमंत्री मोदी तो इलेक्टोरल बांड के रुप में भ्रष्टाचार की नयी योजना ही ले आये जिसके जरिये हजारों करोड़ रुपये का चंदा लिया गया।

उन्होने कहा भाजपा सरकार की नीतियां सिर्फ बड़े बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के लिये है और गरीब को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है,किसान परेशान है मगर सरकार चंद पूंजीपतियों का कर्जा माफ कर रही है। उसे जनता की दुख तकलीफ से कोई मतलब नहीं है।

रायबरेली और अमेठी से पारिवारिक रिश्ते की दुहाई देते हुये कांग्रेस महासचिव ने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनके परिवार ने राजनीति की सभ्यता सीखी है। उनके पिता स्वर्गीय राजीव गांधी अमेठी की बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के लिये योजना लाये जिसकी बदौलत कभी सफेद दिखने वाली अमेठी की बंजर जमीने आज हरियाली से परिपूर्ण हैं। स्वर्गीय गांधी पैदल चल कर अमेठी के लोंगों से मिलते थे और उनका दुखदर्द साझा करते थे मगर आज प्रधानमंत्री या भाजपा का कोई नेता गरीब के पास भी नहीं जाता।

केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी पर झूठ बोल कर राजनीति चमकाने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा नेता का एकमात्र उद्देश्य राहुल गांधी को हराना था और पिछले चुनाव में वह मकसद पूरा होते ही वह अमेठी का विकास भूल गयी।

## सोनभद्र में टैंकर के चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के हाथीनाला क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक टैंकर की टक्कर से बाईक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक बाईक पर सवार तीनों युवक चोपन से म्योरपूर जा रहे थे कि रेणूकोट की तरफ से आ रही एक टैंकर ट्रक की आमने सामने टक्कर हो गई, टक्कर इतनी तेज थी मोटरसाइकिल की परखच्चे उड गये। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार सुलेन्दर कुमार (24),राकेश कुमार (23) और इंद्र कुमार (25) की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक चोपन थाना अन्तर्गत गुरमुरा गांव से एक शादी में शामिल होकर मंगलवार की दोपहर अपने घर लौट रहे थे। इस सन्दर्भ में हाथीनाला थाना प्रभारी प्रणय प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि टैंकर से हुए दुर्घटना में तीन युवको की मौत हो गई साथ ही घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को पुलिस कब्जे मे लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## हाथरस में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा : चार बदमाश गिरफ्तार

### कई पिस्टल, तमंचे और अवैध हथियार बनाने के उपकरण मिले



**हाथरस।** हाथरस में पुलिस ने आज चार बदमाशों को गिरफ्तार कर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने वहां से बने और अधबने अवैध पिस्टल, तमंचे, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। हाथरस में पुलिस को यह जानकारी मिली कि कुछ शातिर बदमाश गांव मन्स्या के जंगल में एक नलकूप की कोठरी में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। इस सूचना पर सादाबाद कोतवाली पुलिस के अलावा एसओजी की टीम भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर वहां से चार बदमाशों को पकड़ लिया।

पुलिस को मौके से दो पिस्टल 32 बोर, एक तमंचा 315 बोर, एक पोनिया 12 बोर, अधबने तमंचे और अवैध शस्त्र बनाने के काफी उपकरण बरामद हुए। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार के मुताबिक पकड़े गए बदमाशों से जब पूछताछ की गई तो इन बदमाशों ने बताया कि वह यह अवैध असलहा बनाकर उनकी बिक्री करते हैं और जो रुपए मिलता है उसे आपस में बांट लेते हैं।

# मेरठ में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

### मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, जमकर हंगामा

मेरठ। मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र स्थित गांव कस्ताला में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई, विवाहिता का शव मकान के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ था।

मामले की जानकारी मिलने पर विवाहिता के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंच गए। और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और विवाहिता के शव को पोस्टमॉर्टम को भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

परतापुर थाना क्षेत्र निवासी स्थित गांव घाट के रहने वाले राजेश कुमार की बेटी अंशु की शादी तीन साल पहले इंचौली थाना क्षेत्र स्थित गांव कस्तला के रहने वाले अंकुर के साथ हुई थी। विवाहिता के पिता राजेश का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर उनकी पुत्री को परेशान करते थे। उसके साथ आए दिन तरह तरह की यातनाएं देकर मारपीट भी करते थे।

अंशु के पिता ने आरोप लगाया कि मंगलवार को उसके पति अंकुर ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने के बाद उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। मामले की जाकारी मिलने पर मृतक विवाहिता अंशु के परिवार वाले उसकी ससुराल पहुंचे और हंगामा कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम भेजने के बाद मामले की जांच में जुट गई।

### ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

इंचौली थाना योगेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला था।

मृतक महिला के परिवार वाले ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। शव का पीएम कराया जा रहा है। परिवार वालों की तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा जा रहा है।

एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया कि मृतक महिला के परिवार वालों ने उसके ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। थाना पुलिस को मुकदमे के आदेश दे दिए गए हैं।

## बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने रौंदा

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर गुड़गांव से घर वापस लौट रहे दंपति को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी। औरैया के जुआ निवासी 23 वर्षीय दीपक गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता था। तीन साल पहले उसकी लव मैरिज डौली के साथ हुई थी। मंगलवार को दीपक पत्नी डौली के साथ बाइक पर सवार होकर गुड़गांव से वापस अपने घर औरैया आ रहा था। तभी फिरोजाबाद के थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नवादा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, परिजनों को घटना की जानकारी दी है। परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

# पति को दफना प्रेमी संग भागी लड़की

### प्रयागराज में 7 महीने पहले की थी लव मैरिज, कब्र से शव निकाल कराया पोस्टमॉर्टम

प्रयागराज। प्रयागराज में एक युवक की मौत के राज को सामने लाने के लिए पुलिस को कब्र खोद उसके शव को बाहर निकालना पड़ा। कहानी पति-पत्नी और प्रेमी के बीच उलझी है। सबसे अजीब तो यह है कि लड़की ने 7 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। पति के मुंह से झाग निकलता है और उसकी मौत हो जाती है। शव को दफनाने के दूसरे दिन ही पत्नी अपने दूसरे प्रेमी के साथ भाग गई।

पत्नी के लापता होने पर ही शक गहराया और युवक की पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ घरवालों ने पुलिस अफसरों को तहरीर दी गई। अब शव का पोस्टमॉर्टम हो गया है। बिसरा सुरक्षित कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है। कॉज ऑफ डेथ यानी मौत की वजह बिसरा रिपोर्ट से साफ हो सकेगी।

### पत्नी-पत्नी और प्रेमी के बीच की कहानी

मामला गंगापार के मऊआइमा थाना क्षेत्र का है। सकरामऊ गांव के रहने वाले छेदीलाल के बेटे शिवदास पटेल (30) ने 7 महीने पहले लव मैरिज की थी। प्रतापगढ़ के मान्धाता थाना क्षेत्र के खमपुर गांव की रहने



वाली सुषमा से उसकी शादी हुई थी।

27 अप्रैल की रात शिवदास के मुंह से झाग निकलने लगता है। उसे अस्पताल ले जाया जाता है तो डॉक्टर मृत घोषित कर देते हैं। इसके बाद शिवदास का शव नवाबगंज के गंगा कछार में दफना दिया जाता है।

यहां तक तो कहानी चलती रही। शव दफनाए जाने के दूसरे दिन शिवदास की पत्नी लापता हो जाती है। शिवदास के घरवाले छानबीन करते हैं। घर की तलाशी होती है तो पता चलता है कि जेवरात, कीमती सामान लेकर वह गायब हुई।

### प्रेमी के साथ मिलकर शिवदास की हत्या करने का आरोप

शिवदास की पत्नी के भाग जाने से शक गहराने लगता है। इसके बाद चर्चा फैलती है कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ शिवदास को मार डाला और भाग गई। शिवदास के भाई राजेश पटेल ने पुलिस ने पुलिस अफसरों को प्रार्थना पत्र दिया। थाने में तहरीर दी गई कि शक है कि शिवदास की हत्या हुई है। उसे जहर देकर मार दिया गया। इसके बाद उसकी पत्नी प्रेमी के साथ भाग गई।

### पुलिस ने खुदवाई कब्र, निकाला शव

28 अप्रैल को शिवदास को दफनाया जाता है। इसके 15वें दिन 12 मई को हत्या की आशंका होने पर पुलिस ने शिवदास की कब्र खुदवाई। उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कब्र खोदने से लेकर पोस्टमॉर्टम तक वीडियोग्राफी भी कराई गई।

13 मई को शव का पोस्टमॉर्टम कर रिपोर्ट पुलिस को दे दी गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित कर आगे की जांच के लिए लैब भेजने की बात कही गई है।

अब पुलिस को विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट का इंतजार है। हालांकि इस दौरान शिवदास की पत्नी को तलाशा जा रहा है कि सच सामने आ सके।

# लखनऊ में 30 लाख की अफीम के साथ महिला गिरफ्तार

### एसटीएफ ने चारबाग स्टेशन से पकड़ा; तीन से अधिक राज्यों में फैला है नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से अवैध अफीम के साथ एक महिला को गिरफ्तार की गई है। एसटीएफ को महिला के पास से 30 लाख की अफीम बरामद हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी प्रमिला देवी गिरोह की सक्रिय सदस्य है।

प्रमिला ने एसटीएफ को बताया कि वह झारखंड के हजारीबाग से माल उठाती है, बरेली पहुंचाने के लिए एक खेप के 10 हजार मिलते हैं। हमारा मुख्य सरगना झारखंड का रहने वाला ओमवीर है। वह इस वक्त बरेली में



रहता है।

ओमवीर का कई तस्करों से सम्पर्क है। वह अफीम मंगाकर बरेली और आस-पास के जनपदों में खपाता है। पंजाब, हरियाणा के साथ अन्य राज्यों में सप्लाई के लिए कई लोग एक्टिव हैं। हम भी झारखंड के ही रहने वाले हैं। फिलहाल बरेली में रह रहे हैं। यहीं से गिरोह के लिए काम करते हैं।

### शक के आधार पर की गई गिरफ्तारी

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मंगलवार को एक महिला हजारीबाग से अफीम की खेप लेकर बरेली जाने वाली है। रास्ते में वह लखनऊ में रुकने वाली है। इसी आधार पर STF, NCB और GRP टीम के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन पर पहुंची। प्लेटफार्म 2-3 पर महिला को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से अफीम मिली।

### चुनाव के चलते गिरोह सक्रिय

सूत्रों की मानें तो यूपी में इन दिनों वोटिंग चल रही है। चुनाव के चलते मादक पदार्थों का गैंग एक्टिव है। इनकी धर पकड़ के लिए एसटीएफ की कई टीमें अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह ने बताया कि टीम गिरोह के बांकी सदस्यों को पकड़ने के लिए भी टीम बनाई गई है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# मैनपुरी में खाना बनाते समय कमरे में लगी आग

मैनपुरी। मैनपुरी के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जिस समय खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। कमरे में बनी गैस की आवाज से मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल हो गया।

कमरे में बनी भयंकर गैस और आग लगने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। एक महिला और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किला बजरिया से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार आग लगने का मामला दीपक राजपूत के घर से जुड़ा हुआ है। परिजनों के अनुसार उनके घर की बुजुर्ग शकुंतला उम्र 65 वर्ष गैस पर खाना बनाने के लिए जा रही थी।

इस दौरान गैस उनसे चालू नहीं हुई और वह अपने नाती को गैस जलाने के लिए बुलाने के लिए चली गई। इतनी देर में गैस कमरे में फैल कर भर चुकी थी।

## फसल नहीं काटने देने व मारपीट करने को लेकर पर पीडित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर लगाई गुहार

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित ग्राम हाता नौवा महमूदपुर के एक किसान ने गांव के लोगों पर फसल न काटने देने समेत मारपीट की घटना किये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र देती हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम हाता नौव्वा महमूदपुर निवासी अंकुल पुत्र राम मोहन ने गांव के लोगों के द्वारा फसल न काटने देने व मारपीट करने से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक सीतापुर को एक प्रार्थना पत्र दिया है। अंकुल ने अपने दिए गए प्रार्थना-पत्र में कहा कि वह एक किसान है,जिसका गांव के ही रिंकू,किशोर,मोती,गोलू से पहले से विवाद चल रहा है। अंकुल के बताने के अनुसार पूर्व की रंजिश को लेकर उक्त लोगो द्वारा जब वह अपने खेत में काम कर रहा था। उस दौरान उससे मारपीट की गई । मना करने पर उक्त सभी लोगों ने अंकुल समेत उसके चाचा को भी मारा-पीटा और खेत से जबरन करीब डेढ कुंटल सरसों से भरी बोरियां उठा ले गए।साथ ही उक्त सभी लोग अब पीड़ित अंकुल व उसके परिवार वालों को उनके ही खेत में जाने नहीं दे रहे है। जिससे खेत में खड़ी फसल खराब हो रही है। दबंगों द्वारा खेत में जाने पर जान से मार देने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित अंकुल ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना-पत्र देकर उक्त लोगों के विरूद्ध जांच करा कर कानूनी कार्यवाही कर खेत में खड़ी फसल को कटवाएं जाने की मांग करते हुए अपने परिवार सहित स्वयं के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## अमरोहा में दो युवकों ने युवती से किया रेप

अमरोहा। अमरोहा के डिडौली थाना इलाके के एक गांव में एक युवती से दो युवकों ने रेप किया। आरोपियों ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके साथ ही वारदात की अंजाम देकर युवती को धमकाया कि अगर कहीं इस बारे में बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। युवती ने अपनी बहन को घटना के बारे में बताया। इसके बाद युवती का भाई उसे लेकर थाने पहुंचा और दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज किया है। अमरोहा के डिडौली थाना इलाके के एक गांव में पीको कराने जा रही एक युवती के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। साथ ही युवती की अश्लील वीडियो क्लिपिंग भी बना ली। साथ ही किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जैसे तैसे पीड़िता आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची। इसके बाद युवती ने परिजनों को घटना के बारे में बताया।

# विशाल मतदाता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिखाई हरी झण्डी

ललितपुर। हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे व आम नागरिक जुलूस में हुये शामिल मतदाता जागरुकता रैली में दिलदिल घोड़ी व बुन्देली नृत्य रहे आकर्षण का केन्द्र आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर भ्रमण कर मतदान हेतु की अपील वृहद मतदाता जागरुकता रैली में लोगों को शत-प्रतिशत मतदान की दिलायी शपथ। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विशाल मतदाता जागरुकता रैली का शुभारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया, जिसमें हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, आमजनमानस व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं पुलिस



अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने सामूहिक रुप से उपस्थित जनसमूह को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी तथा भव्य रैली/जुलूस के साथ नगर भ्रमण कर मतदाताओं को जागरुक किया। नगर के सार्वजनिक स्थलों पर रैली में बुन्देली नृत्य, नौटंकी, डीजे, सैरा व दिल-दिल घोड़ी के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरुक किया गया। बच्चों ने देश के महापुरुषों के परिधान पहनकर मतदाताओं को जागरुक किया, साथ ही बुन्देली नृत्य व सैरा का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें देख स्थानीय लोग अतिउत्साहित होकर रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान है, जिसके लिए जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करा ली गई हैं, मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो वारंटी पकड़े



ललितपुर । बार पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को दृष्टिगत रखते हुए थाना बार पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्त सीताराम पुत्र हरपा नि0ग्रा0 टोडी थाना बार जिला ललितपुर उम्र करीब 46 वर्ष सम्बन्धित केश न0 297/2024 धारा 446 सीआरपीसी व रामगोपाल पुत्र बृजनन्दन नि0ग्रा0 बम्हौरी सहना थाना बार जिला ललितपुर उम्र करीब 48 वर्ष सम्बन्धित केश न0 1207/16 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया । वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 महेन्द्र कुमार उ0नि0 रामकुमार सरोज का0 सतीश यादव का0 शरद यादव आदि शामिल रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

ललितपुर । पूराकलां लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकलां पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर भैसनवारा कला तिराहा बिरधा सुकवा ढुकवा मार्ग बहद ग्राम भैसनवाराकला से अभियुक्त दयालू उर्फ दयाली एस/ओ ब्रजनन्दन यादव निवासी ग्राम भैसनवारा कला थाना पूराकला उम्र करीब 46 वर्ष को एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना पूराकलां पर अभि0 के विरूद्ध मु0अ0सं0 45/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया कर मा0 न्याया0 के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम एसओ अभिनेन्द्र सिंह उ0नि0 दीपक कुमार का0 भगवान सिंह आदि शामिल रहे।

## 8 माह की बच्ची के रेप का आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। बालाबेहट, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बालाबेहट पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 24/2024 धारा 376 क्क्भादवि व 5रू/6 पोक्सो के अभियोग से संबधित अभियुक्त भरत पुत्र बंशी सहरिया उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम महोली थाना बालाबेहट को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है एवं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियोग चिन्हित कर सघन पैरवी कराकर माननीय न्यायालय के माध्यम से अभियुक्त उपरोक्त को जल्द से जल्द कठोरतम सजा करायी जायेगी। थाना बालाबेहट में वादिया द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि अभियुक्त भरत पुत्र बंशी सहरिया उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम महोली थाना बालाबेहट द्वारा वादिया की मासूम पुत्री उम्र करीब 08 माह के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी । घटना की सूचना के आधार पर तत्काल थाना बालाबेहट में मु0अ0सं0 24/2024 धारा 376 एबी भादवि व 5एम /6 पोक्सो का अभियोग पंजीकृत किया गया । तत्काल नियमानुसार महिला का0 के साथ पीडिता बच्ची को चिकित्सीय उपचार के लिये महिला चिकित्सालय ललितपुर भेजा गया ।

## लखनऊ में तापमान 40 डिग्री पहुंचा

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार की सुबह से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। लोग पसीने से लथपथ होते रहे। पंखा और कूलर से भी राहत नहीं मिल पा रही। मौसम विभाग की मानें तो अभी कुछ दिनों तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। अगले 5 दिनों तक उमस बरकरार रहेगी। मंगलवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहेगा। मई महीने में यह मंगलवार का चौथा दिन है, जब तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इससे पहले 4 मई को 40.8 डिग्री 5 मई को 42.5 और 6 मई को 40.2 डिग्री तापमान रहा है। चिलचिलाती धूप में के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग पानी और कोल्ड ड्रिंक का सहारा ले रहे हैं। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर नींबू-पानी, लस्सी के स्टॉल लगे हैं। तेज गर्मी की वजह से तरबूज, खीरा समेत अन्य फलों की भी बिक्री बढ़ी है। मौसम विभाग का कहना है कि लखनऊ में पिछले सात दिनों से ठंडी हवाएं चल रही हैं। इस वजह से तापमान 40 डिग्री पार नहीं हुआ है। आने वाले अगले चार दिनों में तापमान 44 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्य क्षोभ मंडल में हवा के दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। रेगिस्तानी इलाकों से हवाएं अब चलेंगी। लू का भी सामना करना पड़ सकता है।

## चित्रकूट में छात्र-छात्राओं ने किया रोड जाम

चित्रकूट। चित्रकूट में जगत गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं बगावत पर उतर गए हैं। छात्रों ने जिला प्रशासन के खिलाफ रोड पर उतरकर नारेबाजी कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि 2 दिन पहले एक दिव्यांग की विद्यालय गेट के सामने मौत हो गई है, जिससे पूरे छात्र-छात्राएं आक्रोश पर हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से यहां ब्रेकर बनवाने की मांग की गई थी। पूर्व में यहां ब्रेकर बने थे। वाहनों के चलने से यह टूट गए हैं। दोबारा बनवाने की मांग महीनो पहले की गई थी, लेकिन अभी तक विभाग ने ब्रेकर नहीं बनवाया है। अजय सिंह ने बताया कि 2 दिन पहले राहुल यादव निवासी शिवरामपुर चौकी क्षेत्र की मौत हो गई थी। छात्रों की मांग है कि मृतक छात्र आर्थिक स्थिति से बहुत कमजोर था। उसके परिजनों की मदद करनी चाहिए। एक्सीडेंट करने वाले ड्राइवर और मालिक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत के बाद भी जिला पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं की है।

## शिक्षक को गोली मारने वाले गिरफ्तार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में कटका बाजार के पास शिक्षक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने अभियुक्तों के पास से अवैध पिस्टल और देशी बम बरामदा किया है। कटका मानापुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक को विद्यालय जाते वक्त कल अज्ञात बाइक सवार बदमशों ने तीन गोली मारी थी। प्रयागराज में शिक्षक का इलाज चल रहा है। शिक्षक की पत्नी कोल बजर डीह गांव की प्रधान है। प्रतापगढ़ के अंतू थाना क्षेत्र कोल बजर डीह गांव निवासी बसंत सिंह प्राथमिक विद्यालय कटक मानापुर में शिक्षक के रूप में तैनात हैं। वह कल सुबह प्राथमिक विद्यालय जा रहे थे। कटका बाजार के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े उनको गोली मार दी। शिक्षक बसंत सिंह को तीन गोली लगी है। गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल शिक्षक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने शिक्षक को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। घायल बसंत सिंह को गोली पेट से छूटे हुए निकल गई है। वह दूसरी गोली घुटने में लगी हुई है। घायल शिक्षक बसंत सिंह की पत्नी अनीता सिंहकोह बजर डीह गांव की प्रधान है। एसपी ने तीन टीम गठित की है। वहीं आज पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त अरुण त्रिपाठी और प्रवीण पाल के पास से एक अवैध पिस्टल और 5 देशी बम भी बरामद किए हैं।

## महंगाई बनी हिंसा की वजह : पाक अधिकृत पीओके में 31 सौ रुपए में बिकने वाला 40 किलो आटा अब 2 हजार में मिलेगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान अधिकृत पीओके में लोग बढ़ती महंगाई से परेशान है। इसी परेशानी के चलते बीते रोज यहां आंदोलन हुआ और पुलिस ने आंसू गैस दागकर खूब लाठियां भांजी। नतीजा ये हुआ कि तीन लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। इस तरह के बिगड़े हालातों के चलते पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने 23 अरब रुपए का अनुदान पैकेज पीओके के लिए जारी कर दिया। इसके बाद भी हालातों में कोई सुधार नहीं है। अनुदान के बाद केवल फर्क इतना पड़ेगा कि जो आटा 31 सौ रुपए में 40 किलो आता था वो अब 2 हजार में आएगा। जिसमें गेहूं और बिजली की सब्सिडी शामिल है। लेकिन पीओके के लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। शुक्रवार से चल रहा आंदोलन अब भी जारी है और इसमें शामिल जॉइंट अवामी ऐक्शन कमेटी का कहना है कि इस बारे में आज फैसला लेंगे। कमेटी का कहना है कि पीओके में खाने, ईंधन और जरूरी सामानों की कीमत बहुत ज्यादा है। मुख्य तौर पर अवामी कमेटी कारोबारियों का संगठन है, लेकिन इसे आम लोगों का भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। खासतौर पर लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान पीओके के संसाधनों का दोहन कर रहा है, लेकिन वहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। दरअसल भारत ने पाकिस्तान से आने वाले उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी 200 पर्सेंट तक बढ़ा दी है। पीओके से बड़े पैमाने पर रॉक साल्ट, सीमेंट, जिप्सम आदि का भारत में आयात होता था, लेकिन कस्टम ड्यूटी बढ़ाने से कारोबार ठप है। भारत के इस फैसले से पाकिस्तान का आयात 45 मिलियन डॉलर प्रति माह से घट कर 2.5 मिलियन डॉलर रह गया है। बता दें कि भारत ने 2019 में आर्टिकल 370 हटा दिया था, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत से कारोबार पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।पाकिस्तान में महंगाई और आर्थिक बदहाली का दौर है। ऐसी स्थिति में सुदूर इलाके तो और ज्यादा प्रभावित हैं। यही नहीं भारत के साथ कारोबार रोकने से भी पीओके जैसे क्षेत्रों के लोग आजीविका तक के लिए जूझ रहे हैं। एक तरफ कारोबार ठप होना और दूसरी तरफ बिजली, गेहूं और पेट्रोल जैसी जरूरी चीजों की महंगाई ने लोगों को त्रस्त कर रखा है। पीओके में उठा यह आंदोलन पहला नहीं है। इससे पहले अगस्त 2023 में भी आंदोलन हुआ था, लेकिन इतना हिंसक नहीं हुआ था। आमतौर पर ऐसे आंदोलन मुजफ्फराबाद तक ही सीमित होते थे, लेकिन इस बार पूरे पीओके में असर दिखा है। यहां तक कि गुस्साए लोगों ने विधानसभा समेत तमाम सरकारी इमारतों को भी घेर लिया। पाकिस्तान के हालात ऐसे हैं कि मई 2022 से अब तक उपभोक्ता महंगाई दर 20 फीसदी बढ़ चुकी है। मई 2023 में तो यह 38 पर्सेंट तक पहुंच गई थी। सबसे अहम बात यह है कि पीओके में नीलम-झेलम बिजली परियोजना है। पीओके के लोगों का कहना है कि यहां से पैदा होने वाली बिजली पंजाब जैसे राज्यों को मिल रही है, लेकिन वहीं नहीं दी जा रही। बड़े पैमाने पर बिजली कटौती होती है और दर भी बहुत ज्यादा है। यह परियोजना 2600 मेगावॉट की है।

## हजारों साल पहले हुआ था असाधारण माइग्रेशन, दक्षिण पूर्व एशिया से ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में पहुंची थी इंसानों की आबादी

सिडनी (ईएमएस)। लगभग 70 हजार साल पहले मानव इतिहास का एक असाधारण माइग्रेशन (प्रवास) हुआ था, जब इंसानों की आबादी दक्षिण पूर्व एशिया से ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में पहुंची थी। ये वे लोग थे जो आधुनिक ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासी कहे जाते हैं। ताजा शोध में कहा गया है कि 70 हजार साल पहले जब पृथ्वी अंतिम हिमयुग के बीच में थी, उस ऑस्ट्रेलिया को साहुल नाम का एक बड़ा क्षेत्र था। हिमनद के कारण समुद्र के स्तर में गिरावट थी और ऑस्ट्रेलिया उत्तर में पापुआ न्यू गिनी और दक्षिण में तस्मानिया तक जुड़ा हुआ था। हिमयुग के बाद वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई और समुद्र का स्तर बढ़ने के चलते बीच का हिस्सा पानी में डूब गया और ऑस्ट्रेलिया की मुख्य भूमि अलग हो गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक, न्यू गिनी लगभग 8000 साल पहले जबकि तस्मानिया लगभग 6000 साल पहले ऑस्ट्रेलिया से अलग हुआ था। शोधकर्ताओं ने इस जानकारी का इस्तेमाल एक परिदृश्य का मॉडल विकसित करने में किया। इसमें दक्षिण पूर्व एशिया के दो स्थानों पश्चिम पापुआ और तिमोर सागर शेल्फ के साथ-साथ आधुनिक परिदृश्य में फैले पुरातात्विक स्थलों से दक्षिण पूर्व एशिया से ऑस्ट्रलिया के संभावित प्रवासन मार्गों को शामिल किया गया। सिडनी यूनिवर्सिटी में जियोसाइंसेज स्कूल के प्रोफेसर और शोध के प्रमुख लेखकर ट्रिस्टन सैलेस ने कहा, नया परिदृश्य विकास मॉडल इन इलाकों के पर्यावरण के अधिक वास्तविक जानकारी देता है, जहां आखेटक समुदायों ने साहुल को पार किया था। इन परिदृश्य की विशेषताओं और भोजन की उपलब्धता के आधार पर संभावित रास्तों का पता लगाया गया। अध्ययनकर्ताओं ने दावा किया कि ये रास्ते समुद्र तट के किनारे और सीधे महाद्वीप के आंतरिक भाग से होते हुए प्रमुख नदियों और झरनों से होते हुए गए हैं। कहा गया है कि प्रवास के दौरान इंसान हर साल 1.15 किलोमीटर की गति से बढ़े जो अपेक्षाकृत तेज है। अध्ययन के लेखकों ने प्रागैतिहासिक काल के दौरान साहुल में इंसानों की मौजूदगी की संभावना का पता लगाया है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान में पानी के अंदर डूब चुके साहुल के उत्तरी शेल्फ पर कभी पांच लाख लोग रहते रहे होंगे। बता दें कि वैज्ञानिकों के लिए आज तक ये रहस्य अनसुलझा रहा कि हजारों साल पहले आखिर कैसे मनुष्य ने इतनी लंबी समुद्री यात्रा की होगी। इस प्रवास के बारे में शोधकर्ताओं की हैरानी लगातार बनी रही कि यह यात्रा कितने समय में पूरी हुई और इस दौरान कौन से रास्ते अपनाए गए होंगे। अब इस नए शोध में इसके संभावित उत्तर का पता चला है।

## एयरपोर्ट पर लगेज का पैसा बचाने शख्स ने लगाया गजब का दिमाग

सैन फ्रांसिस्को। ब्रिटेन में एक शख्स ने एयरपोर्ट पर लगेज का पैसे देने से खुद को जिस तरह बचाया, वो जानकर लोग हैरान हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कार्डिफ के रहने वाले फिल लिस्ले ब्रिसल से अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने स्पने के बेनिडॉर्म जा रहे थे। उन्होंने ईजीजेट एयरलाइन से अपनी बुकिंग की थी। पर उनका एक लेदर बैग काफी भारी हो गया, जिसकी वजह से ब्रिटेन के ब्रिसल एयरपोर्ट पर उन्हें 5 हजार रुपये चुकाने पड़े। उन्होंने बताया कि बैग उन्होंने यूं ही ढेर सारे कपडे भर लिए थे, जो काफी सस्ते थे। उनकी कुल कीमत 5 हजार रुपये तक नहीं थी, जितना उन्हें कपड़े ले जाने में देना पड़ा। इसलिए उन्होंने तय कर लिया कि जब वो अपनी छुट्टियां मनाकर लैटेंगे तो बेनिडॉर्म एयरपोर्ट पर रुपये नहीं देंगे। इसके लिए उन्होंने दिमाग भिड़ाया और कपड़ों को बैग में रखने की जगह पहन लिया। आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने 13 शर्ट, 2 पैंट, 4 शॉर्ट्स और 4 अंडरवियर को पहन लिया। पहले उन्होंने कसी हुई, छोटी शर्ट पहनी और फिर बड़ी शट्र्स को पहना। उनके दोस्तों को भी ये देखकर अजीब लगा और उन्होंने फिल से पूछा कि वो कितनी शर्ट पहने हैं, तो उन्होंने बात को टाल दिया। एयरपोर्ट पर जब वो इस हालत में पहुंचे तो लोग भी उन्हें घूरने लगे। फिल को लगा था कि जब वो फ्लाइट के अंदर पहुंचेंगे तो शायद एयरपोर्ट स्टाफ उन्हें देखकर भड़केगा और वो किसी मुश्किल में फंस सकते हैं। पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। स्टाफ ने भी उन्हें देखकर मजाक करना शुरू कर दिया। जब वो अंदर अपनी सीट पर पहुंचे, तो एक-एक कर अपने अतिरिक्त कपड़े उतार दिए। उन्होंने कहा कि पैसे बचाना तो एक कारण था ही, वो ये भी देखना चाहते थे कि उन्हें ऐसा करने से रोका जाता है या नहीं।

## पीओके में चौथे दिन भी पहिया-जाम हड़ताल जारी, कश्मीरी एक्टिविस्ट चिंतित

ग्लासगो। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लोगों के विरोध प्रदर्शन को शांत करने के लिए पाकिस्तानी सैन्य रेंजरों को तैनात किया गया है। राजधानी मुजफ्फराबाद में स्थिति बिगड़ती जा रही है। यहां लोगों के विरोध प्रदर्शन करने वालों पर दिनदहाड़े हत्या करने का अल्टीमेटम दे दिया है। बता दें कि व्हील जाम हड़ताल लगातार चौथे दिन जारी है। अशांति के बीच अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो रही है। स्कॉटलैंड में रहने वाले पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने इस लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फराबाद में स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है। कश्मीरी एक्टिविस्ट ने कहा कि यह दिनदहाड़े हत्या है, जो पीओके में हो रही है। हमारी जान खतरे में है। दरअसल, यह अशांति मंगला बांध से टैक्स फ्री बिजली और गेहूं के आटे पर सब्सिडी की मांग को लेकर अवामी एक्शन कमेटी द्वारा शुरू की गई पहिया-जाम हड़ताल से उपजी है। लगातार चौथे दिन जारी यह हड़ताल पीओके निवासियों के बीच बढ़ते असंतोष का कारण बनती जा रही है।



पाकिस्तान में बढ़ती कीमतों से परेशान लोगों ने सब्सिडी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## शी के बुलावे पर गुरुवार को बीजिंग पहुंच रहे पुतिन



बीजिंग। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आ रहे है। चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पुतिन गुरुवार से शुरू होने वाली अपनी यात्रा के दौरान चीनी नेता शी जिनपिंग से मुलाकात करने वाले है। क्रेमलिन ने यात्रा की पुष्टि कर कहा कि पुतिन शी के निमंत्रण पर जा रहे हैं। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने और कार्यालय में अपना पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद पुतिन की यह पहली विदेश यात्रा होगी। उल्लेखनीय है कि महाद्वीप के आकार के दो सत्तावादी राज्य, जिनका लोकतंत्रों और नाटो के साथ विवाद बढ़ रहा है। वह अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका में प्रभाव हासिल करना चाहते हैं। चीन ने बिना कोई ठोस सबूत पेश किए रूस के इस दावे का समर्थन किया है कि राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी उकसावे के कारण 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था।

## भारत की ओर चल पड़ा पीओके, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में फैली अराजकता कैसे इस्लामाबाद के लिए है खतरे का संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 1996 के बाद 2024 लोकसभा के लिए सबसे अधिक 37.98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कश्मीरी 9 मई से इस्लामाबाद के सौतेले व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करते दिखे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। मुजफ्फराबाद समते कई शहरों में प्रदर्शन के दौरान हिंसा, आगजनी तक देखने को मिली है। 90 से ज्यादा लोगों को प्रदर्शन के दौरान चोटें लगी हैं। विरोध प्रदर्शन का कारण छापेमारी और गिरफ्तारियों का दौर देखने को मिल रहा है। हालाँकि, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा सोमवार को 23 बिलियन पाकिस्तानी रुपये के पैकेज की घोषणा के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया गया है। लेकिन श्रीनगर घाटी में आर्थिक असमानताओं और कब्जे वाले कश्मीरियों में शोषित जनता के बढ़ने के बावजूद यह इस्लामाबाद के लिए एक खतरे का संकेत है।

### पश्चिमी मीडिया में नहीं मिली प्रदर्शन को उतनी कवरेज

पाकिस्तान और पश्चिमी मीडिया ने पीओके में फैली अराजकता को उतनी कवरेज नहीं दी। लेकिन समाहमी, सेहंसा, मीरपुर, दादियाल, रावलकोट, खुईरत्ता, तत्तापानी और हट्टियन बाला में जमकर विरोध प्रदर्शन हुए। यह समझा जाता है कि कम से कम 70 जेएएसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, जिसके कारण पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। एक पुलिस कर्मी और तीन नागरिक मारे गए और टकराव में 100 से कम गंभीर रूप से घायल हुए। भोजन (गेहूं), ईंधन और बिजली बिलों की बढ़ती कीमतों के कारण अधिकृत कश्मीर में विरोध प्रदर्शन में सबसे आगे रहा है। जेएएसी ने 11 मई को मुजफ्फराबाद में 'लॉन्ग मार्च' का आह्वान किया था, जिसे इस्लामाबाद ने 8-9 मई को छापे और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी से रोक दिया था। हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान रेंजर्स के तीन वाहनों को आग लगा दी गई और प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी और स्वतंत्रता समर्थक नारे लगाए। पिछले सप्ताह से इंटरनेट बंद था और स्कूल तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद थे।

### प्रदर्शनकारियों के आगे शहबाज सरकार को झुकना पड़ा

पिछले तीन दशकों से पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए भारत को दोषी ठहराता रहा है। अर्ध-सैन्य बलों ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया। विरोध प्रदर्शन इतने हिंसक थे कि पीएम शरीफ को प्रदर्शनकारियों से शांति का आह्वान करना पड़ा और अंत में सब्सिडी वाली बिजली और ईंधन की उनकी मांगों के सामने झुकना पड़ा। इस्लामाबाद ने स्थानीय पुलिस के अलावा सेना के अलावा कोहाला से पाकिस्तान रेंजर्स की तीन बटालियन तैनात कीं। भले ही पाकिस्तान पुलिस विरोध प्रदर्शनों को भड़काने के लिए भारत को दोषी ठहरा रही है, मई 2023 से अधिकृत कश्मीर के रावलकोट में असंतोष भड़क रहा है और कार्यकर्ता प्रांतीय और संघीय के खिलाफ हथियार उठा रहे हैं; बिजली और गेहूं के आटे की कीमतों में बढ़ोतरी पर सरकार। इसके बाद बहिष्कार किया गया और बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया गया। पीओके में बिजली शुल्क उत्पादन लागत से पांच गुना है और इसे लेकर स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है।

### क्या है प्रदर्शनकारियों की मांगे

गिलगित-बाल्टिस्तान के समान गेहूं सब्सिडी के अलावा बिजली शुल्क मंगला बांध जलविद्युत परियोजना से उत्पादन लागत पर आधारित होना चाहिए। शासक वर्ग और अधिकारियों के अनावश्यक भत्ते और विशेषाधिकार पूरी तरह से समाप्त किये जाने चाहिए। छात्र संघों पर लगे प्रतिबंध हटा दिए गए और चुनाव कराए गए। अधिकृत कश्मीर में जम्मू और कश्मीर बैंक को एक अनुसूचित बैंक बनाया जाए। नगर निगम प्रतिनिधियों को धन एवं अधिकार दिये जायें। सेलुलर कंपनियों और इंटरनेट सेवाओं की दरें मानकीकृत हैं। संपत्ति हस्तांतरण कर कम किया जाए। जवाबदेही ब्यूरो को सक्रिय किया जाना चाहिए और अधिनियम में प्रासंगिक संशोधन किए जाने चाहिए। पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## अमेरिकी सांसद ने गुस्से में कहा-गाजा पर परमाणु हमला होने दीजिए



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा, जब हम पर्ल हार्बर के बाद एक राष्ट्र के तौर पर तबाही का सामना कर रहे थे, जर्मनी और जापान से लड़ रहे थे, तब हमने हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर युद्ध को खत्म करने का फैसला किया था। वह सही फैसला था। उन्होंने कहा, इजरायल को भी बम दो, जिसकी उन्हें जरूरत है। वे हार नहीं सकते।एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि एक यहूदी राष्ट्र के तौर पर इजरायल को अस्तित्व बचाने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, उसे करना चाहिए। उन्होंने कहा, हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर खतरे को खत्म करना अमेरिका के लिए कैसे सही था? अगर हम करें, तो यह सही कैसे है? मुझे लगा वह सही होगा। उन्होंने कहा, ऐसे में इजरायल आपको यहूदी राष्ट्र के तौर पर जीवित रहने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, करें।

बता दे कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रफा में कार्रवाई को लेकर इजरायल की हथियार सप्लाई रोकने की बात कर रहे हैं। खबर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में इजरायल को की जाने वाली 3 हजार भारी बमों की डिलीवरी रोक दी है। साथ ही उन्होंने यह कसम भी खाई है कि अगर इजरायल रफा में बड़ा ऑपरेशन शुरू करता है, तो और भी हथियारों की सप्लाई रोक दी जाएगी।इसी बीच अब एक अमेरिकी सीनेटर ने इजरायल को बम दिए जाने की वकालत की है। उन्होंने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष की तुलना दूसरे विश्व युद्ध से की है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध हार नहीं सकता। 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायल पर हमला किया था। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष जारी है।इस दौरान उन्होंने जनहानि के आरोप भी हमास पर लगाए। ग्राहम ने कहा, मुझे लगता है कि जब तक हमास अपने ही लोगों का इस्तेमाल मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करना बंद नहीं करता है, तब तक गाजा में आम नागरिकों की मौतों में कमी लाना असंभव है। मैंने युद्ध के इतिहास में ऐसा कभी नहीं देखा कि कोई दुश्मन आम नागरिकों की जान को खतरे में डालता है।

## रुस का सामना नहीं कर पा रही यूक्रेन की सेना, खो दिया दूसरा बड़ा शहर



**खारकीव (एजेंसी)।** हथियारों की कमी और मनोबल गिरने से यूक्रेनी सेना युद्ध में पिछड़ रही है। उधर, रूसी सेना विस्फोटक हमलों से यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रहे हैं और उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के नौ इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। रूसी सेना खारकीव में काफी अंदर आ चुकी है और लगातार आगे बढ़ रही है। फरवरी 2022 से शुरू हुए इस युद्ध के बाद यूक्रेन ने खारकीव को वापस हासिल कर लिया था, अब रूस ने एक बार फिर खारकीव पर कब्जा कर लिया है। अपनी सेना की इस जीत से व्लादिमीर पुतिन गदगद हैं।कुल मिलाकर खारकीव, यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग खतरनाक हो गई है।

रूस ने बीते शुक्रवार को सीमा पार से घुसपैठ के बाद खारकीव पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद यह रूस के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है, जमीनी हमले में रूस कम से कम नौ गांवों और बस्तियों पर अपना कब्जा कर चुका है। हजारों की संख्या में लोग अपना स्थान छोड़कर भाग चुके हैं। उधर, यूक्रेनी कमांडरों को इस बात की चिंता है कि अगर रूसी सैनिक शहर की तोपखाने की सीमा के भीतर आ गए तो बड़ी तबाही हो सकती है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस ने अपने नवीनतम हमले में अपनी पांच प्रमुख बटालियन तैनात किए हैं और स्वीकार किया कि मॉस्को के सैनिकों को खारकीव में कुछ सफलताएं मिली हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरफ से हथियारों की सप्लाई सुस्त या फिर बंद हो गई है। इससे यूक्रेन की सेना का मनोबल भी गिरा है और हथियारों की कमी से वे रूसी सेना के आगे टिक नहीं पा रहे हैं। रूस ने कहा है कि उसकी सेनाएं यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के पास उत्तर-पूर्वी सीमावर्ती शहर वोवचांस्क में प्रवेश कर गई हैं। रूसी सेना खारकीव में दो किलोमीटर तक अंदर आ गई है।

## यूक्रेन का उत्साह बढ़ाने रातों-रात ट्रेन से पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री

### -अमेरिका बोला-अब यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई तेज की जाएगी



**कीव (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन यूक्रेन का उत्साह बढ़ाने के लिए रातोंरात ट्रेन से कीव पहुंच गए हैं। जब से यूक्रेन में युद्ध शुरू हुआ है यह अमेरिकी विदेश मंत्री का चौथा दौरा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चलते करीब दो साल से ज्यादा हो गए हैं। इस बीच दावा किया जा रहा है कि रूस ने यूक्रेन के कई शहरों पर कब्जा कर लिया है और वह यूक्रेनी सेना पर भारी पड़ रहा है।

अमेरिका हमेशा ही यूक्रेन के समर्थन में रहा है। पिछले महीने ही अमेरिकी कांग्रेस ने यूक्रेन को 60 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दी है। इसमें यह राशि खराब हो चुके हथियारों की मरम्मत और एयर डिफेंस पर खर्च की जाएगी। अपने दौरे में ब्लिंकन यूक्रेन को भरोसा दिलाएंगे कि इस युद्ध में अमेरिका उसके साथ है। जो बाइडेन द्वारा सहायता पैकेज को मंजूरी दिए जाने के बाद अमेरिका ने 1.4 अरब डॉलर के शॉर्ट टर्म मिलिट्री पैकेज को भी मंजूरी दी है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि अब यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई तेज की जाएगी।

सुलीवन ने कहा कि गोला-बारूद, एयर डिफेंस और लॉन्ग रेंज की मिसाइलें पहले ही डिलीवर कर दी गई हैं। ब्लिंकन की यूक्रेन यात्रा की जानकार देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अन्य यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन युद्ध के बारे में सारी जानकारी लेंगे। इसके अलावा वह यह भी जानना चाहते है कि रूसी हमले से निपटने के लिए यूक्रेन को किस सहायता की जरूरत है।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को यूक्रेन में ब्लिंकन बताएंगे कि रूस की बड़ी रणनीतिक हार हुई है। बता दें कि जेलेंस्की ने फोन पर अमेरिका को बताया था कि पूर्वी और पूर्वोत्तर की सीमाओं पर रूस तेजी से हमला कर रहा है और वह यूक्रेनी सैनिकों को मार रहा है। वहीं रूस ने इस इलाके में सेना की नई टुकड़ियों को उतार दिया है। वहीं अमेरिका का कहना है कि जिन इलाकों में रूस ने कब्जा किया था उनमें से 50 फीसदी को मुक्त करा लिया गया है। इसके अलावा यूक्रेन की अर्थव्यवस्था भी पटरी पर आ रही है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन रूस की सेना को कड़ी टक्कर दे रहा है। ब्लिंकन ने यह माना कि यूक्रेन की मदद में देरी हुई और कुछ समस्या खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इस देरी की भरपाई अमेरिका करेगा और यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता में कोई कमी नहीं आने देगा।

## एलियंस कभी भी हमारे ग्रह पृथ्वी पर नहीं आए: एलन मस्क

### -2024 मिलकेन इंस्टीट्यूट ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में किया यह दावा

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** तकनीक के दीवाने, प्रतिभाशाली दूरदर्शी, अरबपति एलन मस्क ने बताया है कि वे एलियन्स के होने पर विश्वास क्यों नहीं कर पाए। मस्क का मानना है कि एलियंस कभी भी हमारे ग्रह पृथ्वी पर नहीं आए हैं। लॉस एंजिल्स में आयोजित 2024 मिलकेन इंस्टीट्यूट ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में ÷मानव जाति और अन्य हल्के विषयों को कैसे बचाया जाए÷।

शीर्षक वाले पैनल में बारहमासी प्रश्न को संबोधित करते हुए, मस्क ने कहा, अगर हम ब्रह्मांड में मानवता को पड़ताली यान भेजते हैं, हमें निश्चित रूप से लंबे समय से मृत एलियन सभ्यताओं के अवशेष मिलेंगे। स्पेसएक्स के संस्थापक की कंपनी लगभग 6,000 इकाइयों वाले स्टारलिंक उपग्रह समूह का संचालन करती है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी को कभी भी अज्ञात उड़ने वाली वस्तुएं नहीं मिलीं जो विदेशी उपस्थिति का संकेत दे सकती हैं। मस्क ने कहा कि उन्होंने एलियंस का कोई सबूत नहीं देखा है। मानवता के भविष्य के लिए इसका मतलब पर विचार करते हुए मस्क ने सुझाव दिया कि एलियन सभ्यताओं के साथ संपर्क की अनुपस्थिति यह संकेत दे सकती है कि उन्नत समाज 'अनिश्चित और दुर्लभ' दोनों हैं। उन्होंने कहा कि अगर वहां एलियंस हैं और कोई एलियन प्रजाति दस लाख साल तक जीवित रहने में कामयाब रही है, तो उसे पूरी आकाशगंगा में बसने में सक्षम होना चाहिए था।मस्क ने पूछा, 'तो, उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो क्यों नहीं?

मुझे लगता है कि उत्तर शायद यह हो सकता है कि सभ्यता अनिश्चित और दुर्लभ है। और हमें वास्तव में मानव सभ्यता को विशाल अंधेरे में एक छोटी मोमबत्ती की तरह सोचना चाहिए।' उन्होंने तर्क दिया कि यह मानव सभ्यता की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि मोमबत्ती बुझ न जाए।' बता दें कि एलन मस्क वैज्ञानिक ना होने के बावजूद उनके विज्ञान पर विचारों को लोग जानना चाहते हैं क्योंकि वे वैज्ञानिक नवाचारों का उद्योगों में लाने का बहुत कोशिश करते रहते हैं।



# पंजाब किंग्स को हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स को आईपीएल लीग मुकाबले में हराकर प्ले ऑफ के लिए अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। राजस्थान ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और वह अभी 16 अंकों के साथ ही अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छी लय में है जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। उसके बल्लेबाजों ओर गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है जिससे टीम को इस सत्र में मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ा है।

पंजाब किंग्स के लिए इस सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है पर अन्य खिलाड़ी रन नहीं बना पाये हैं जिससे टीम को बड़ी सफलता नहीं मिल पायी। शुरुआत में ही चोटिल होने के कारण कप्तान शिखर धवन बाहर हो गये जिसके बाद से ही सैम कुरेन टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। वहीं राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन के साथ ही कप्तानी भी की है। सैमसन ने अब तक अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक 486 रन बनाये हैं। इस मैच में राजस्थान टीम के युवा रियान पराग अपने घरेलू मैदान पर बेहतर प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाना चाहेंगे। पराग के लिए ये सत्र काफी अच्छा रहा है। इस बल्लेबाज ने अब तक 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाये हैं।

वहीं टीम के एक अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 344 रन और जोस बटलर ने 359 रन बनाये हैं। रॉयल्स की गेंदबाजी काफी अच्छी है। उसके गेंदबाजों ने पूरे सत्र के साथ ही डेथे ओवरों में भी प्रभावी प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाजों संदीप शर्मा का 8.07 का इकोनॉकी रेट रहा है जबकि ट्रेंट बोल्ट का 8.38 का रहा है। इसके अलावा स्पिनर आर अश्विन और युजवेंद्र चहल ने भी विरोधी टीमों पर अंकश लगाये रखा है। ऐसे में पंजाब के लिए इस मैच में जीत दर्ज करना बेहद कठिन है। ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के इंग्लैंड लौटने से भी




टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रभावित होगी। टीम की ओर से अब तक गेंदबाजी में केवल हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह ही प्रभावी रहे हैं। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में केवल जॉनी बेयरस्टो ही रन बना पाये हैं। प्रभसिमरन सिंह के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।

### टीम

**पंजाब किंग्स-** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा , हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

# एलएसजी के मालिक संजीव गोयंका और केएल राहुल के बीच हुई सुलह!

## मुस्कुराते हुए लगाया एक-दूजे को गले



**मुम्बई (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के खेमे में सबकुछ पटरी पर लौटता नजर आ रहा है। हाल ही में फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयंका और कप्तान केएल राहुल के बीच सब कुछ तकरीबन शांत हो चुका है। सोशल मीडिया पर गोयनका और केएल राहुल के बीच सब कुछ तकरीबन शांत हो चुका है। सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका और केएल राहुल के गले मिलने की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दोनों खुशी से मिलते दिख रहे हैं।

स्त्रा के खिलाफ 10 विकेट से शर्मनाक हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका भरे मैदान में केएल राहुल पर भड़कते दिखे थे। हालांकि, दोनों के बीच क्या बातचीत हुई थी वो वीडियो में सुनाई नहीं दिया था। इसके बाद से ही संजीव गोयनका को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। फैंस ने उन्हें निशाने पर ले लिया था।

वहीं अब रिपोर्ट के अनुसार केएल राहुल सोमवार रात संजीव गोयनका के दिल्ली स्थित आवास पर डिनर करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के गले लगने की तस्वीरें सामने आईं थीं, जिसमें केएल राहुल भी मुस्कुराते दिख रहे हैं। संजीव गोयनका और केएल राहुल विवाद के बाद लगातार अटकलें लगाई जा रही थी कि केएल राहुल लखनऊ सुपर जायंट्स छोड़ सकते हैं। जिन पर अब विराम लगता दिख रहा है।

# सुदर्शन ने कहा विराट , धोनी की सलाह से लाभ हुआ

**मुम्बई (एजेंसी) ।** गुजरात टाइटंस की ओर से इस आईपीएल सत्र में बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहली बार 500 से ज्यादा रन बनाये हैं। सुदर्शन ने इस सत्र में टाइटंस के लिए शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बल्लेबाज ने 141.28 के स्ट्राइक रेट से 12 मैच में 527 रन बनाये। इस प्रकार वह सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हो गये है। उन्होंने इस बार टी20 प्रारूप में शतक भी लगाया है। सुदर्शन ने यह भी कहा कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत से भी लाभ हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले मैच के बाद मेरी विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी से बात हुई थी। इन दिग्गजों की सलाह से भी उन्हें लाभ हुआ। इसके अलावा उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे में मिले अनुभवों से भी लाभ हुआ। सुदर्शन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक 210 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को टाइटंस ने 2022 सत्र में टीम के लिए पदार्पण से पहले 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर खरीदा था। वहीं सुदर्शन ने कहा कि मेरी बल्लेबाजी में गत सत्र की तुलना में अधिक बदलाव नहीं आया है पर निर्णय लेने की क्षमता है। खेल के प्रति जागरूकता या समझ में सुधार हुआ है। इससे मुझे प्रदर्शन में निरंतरता में थोड़ी सहायता मिल रही है। आजकल टी20 क्रिकेट में पावर हिटिंग काफी अहम है पर सुदर्शन अपनी टाइमिंग पर ही अधिक भरोसा करते हैं। पिछले साल की तुलना में वह विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ अपने को बेहतर स्थिति में रखने में सफल रहे हैं।

# क्या आईपीएल 2024 ही देगा टीम इंडिया का अगला कोच, इन 3 दिग्गजों में हैं जंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिए दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जाएगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं जबकि 26 मई को आईपीएल फाइनल है । इससे लगता है कि बोर्ड नए कोच की तलाश में है। नए कोच के लिए कुछ विकल्प इस प्रकार हो सकते हैं।

### एनसीए के प्रमुख हैं वीवीएस लक्ष्मण

अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं। द्रविड़ के अवकाश पर होने पर उन्होंने सीनियर टीम की कोचिंग भी की है। उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

### कोलकाता से गौतम गंभीर पर नजरें

पिछले 10 साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर 2 आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके कोच रहते केकेआर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है और तालिका में शीर्ष पर है। अब देखना यह है कि उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिए आवेदन करता है या नहीं। वैसे केकेआर और उसके मालिक शाहरूख खान से उनका भावनात्मक लगाव उन्हें ऐसा करने से रोक भी सकता है। इसके अलावा विराट कोहली का अगले 3 साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

### जस्टिन लैंगर लखनऊ के कोच हैं

एशेज और टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक और शारीरिक रूप से काफी दबाव वाला काम है। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच हैं जस्टिन लैंगर। ऐसे में भारतीय पिचों की उन्हें अच्छी नॉलेज भी है। इसी के साथ भारतीय प्लेयरों से अच्छे रिश्ते होने का उन्हें कोचिंग में भी फायदा मिल सकता है।

# बंगलादेश की ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की, शाकिब सहित इन प्लेयर्स को मिली जगह

ढाका - बंगलादेश ने अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम में चोटिल तस्कीन अहमद को बतौर उप कप्तान शामिल किया है। टीम की अगुवाई नजमुल हुसैन शान्तो करेंगे। वर्ष 2007 के बाद टी20 विश्व कप के हर संस्करण में खेलने वाले शाकिब अल हसन को भी टीम में शामिल किया गया हैं। इस वर्ष सफेद गेंद क्रिकेट में खराब फॉर्म के बावजूद लिटन दास को भी टीम में जगह मिली है। तास्किन को 12 मई को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले से पहले चोट लग गई थी जिसके कारण वह मैच नहीं खेल पाए थे। चार मैचों में आठ विकेट लेने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उनका अगले महीने शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले फिट होने के लिए उपचार किया जा रहा है। बंगलादेश टूर्नामेंट का अपना पहला मुकाबला आठ जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा।

**बंगलादेश टीम -** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद (उपकप्तान), लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जेकर अली, तनवीर इस्लाम, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम और तंजीम हसन।

# केकेआर की सफलता में युवा तेज गेंदबाज हर्षित की रही है अहम भूमिका

कोलकाता । आईपीएल में इस बार केकेआर की सफलता में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा की अहम भूमिका रही है। राणा ने इस सत्र में अबतक 10 मैच में 20.75 की औसत से 16 विकेट लिए हैं। इस प्रकार वह आईपीएल की खोज साबित हुए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ जिस प्रकार इस गेंदबाजा ने अंतिम ओवर फेंका उससे इसका आत्मविश्वास झलकता है।



इस काम को उन्होंने बिना किसी दबाव के पूरा किया। अंतिम ओवर में मुम्बई को 22 रन बनाने थे और ऐसे में राणा ने पहली ही गेंद पर बल्लेबाजी कर रहे नमन धीर को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद तीसरी गेंद पर तिलक वर्मा को आउट कर मैच में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। राणा ने अंतिम ओवर में तीन रन देते हुए दो विकेट लिए। इस तरह उन्होंने अपने चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले राणा को केकेआर ने घायल हुए रसिख सलाम डार के विकल्प के तौर पर साल 2022 में 20 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं अब रसिख दिल्ली के लिए खेलते हैं। राणा जब टीम में आए थे तो अपनी तेज गति के लिए जाने जाते थे। केकेआर की टीम में वह सबसे तेज अनकैप्डज तेज गेंदबाज हैं। वह लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंक सकते हैं। इसके साथ ही वह अपनी गेंदबाजी में विविधता लाते रहते हैं जिससे बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

# टी20 विश्व कप : हरमनप्रीत ने की भविष्यवाणी, भारत सहित ये टीमें पहुंचेंगी सेमीफाइनल में

**ढाका (एजेंसी) ।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है और हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, 'भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।' भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था। हरमनप्रीत ने यहां कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, 'मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं।'

भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया। ऑस्ट्रेलिया ने



2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।'

हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।' भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए। विश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।'

# गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी हुई, नीलामी रोकना चाहते हैं : माराडोना के उत्तराधिकारी

पेरिस । महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और उनका दावा है कि मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।



# भविष्य में स्ट्राइक रेट के आधार पर टीम में चुने जाएंगे खिलाड़ी : मिलर

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर ने कहा है कि जिस प्रकार से आजकल टी20 क्रिकेट हो रहा है और स्ट्राइक रेट पर ही जोर दिया जा रहा है। उस स्थिति में आने वाले समय में खिलाड़ी बेहतर औसत नहीं बल्कि तेजी से खेलने की क्षमता के आधार पर ही चयनित किये जाएंगे। मिलर पिछले कुछ साल में फिनिशर की भूमिका में ही नजर आये हैं। इस आईपीएल सत्र में कई टीमों ने 250 से अधिक के सात स्कोर बनाए जिससे बल्लेबाज 'पावर गेम को अगले स्तर पर ले गए हैं जिससे स्ट्राइक रेट को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। मिलर ने कहा, 'हमने इस साल कुछ बड़े स्कोर देखे हैं। कुछ टीमों के साथ ही कुछ खिलाड़ियों ने जबरदस्त बल्लेबाजी की है। मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है। साथ ही कहा, 'टी20 क्रिकेट में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना कठिन हो सकता है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या पर्याप्त होती है। वहीं मध्य क्रम की बात आती है तो यह हमेशा स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज के खेल का मैच पर पड़ने वाले प्रभाव की बात होती है ,ऐसे में मुझे लगता है कि लोगों को मैच जीतने की क्षमता के आधार पर टीमों का चयन करना होगा। वहीं अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर मिलर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों के साथ मुकाबले कड़े रहेंगे। मैं एक बल्लेबाज हूं और बुमराह शीर्ष स्तर के गेंदबाज होने के कारण मेरे लिए खतरा बन सकते हैं। मिलर का मानना है कि उनकी टीम के पास टी20 विश्वकप में ट्रॉफी जीतने का अवसर है। यह आक्रामक बल्लेबाज इस चुनौती को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा, 'इस समय हमारे पास जो टीम है, उसने पिछले कुछ वर्षों में एक साथ काफी क्रिकेट खेला है और इसमें काफी आत्मविश्वास है और काफी सफलता हासिल की है।



# स्वदेशी खिलाड़ियों के बल पर आईपीएल में वापसी करने में सफल रही आरसीबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम खराब शुरुआत के बाद भी वापसी करने में सफल हुई है पर इसका श्रेय देश के ही खिलाड़ियों को जाता है। इस सत्र में जब मोटी रकम लेकर खरीदे गये विदेश खिलाड़ी असफल हुए तो युवा देशी खिलाड़ियों युवा यश दयाल और स्वप्निल सिंह आदि को अवसर दिय गया। इसके अलावा अनुभवी रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम को कठिन हालात से उबारने में सबसे अहम भूमिका विराट कोहली की रही। विराट ने इस सत्र में 600 से अधिक रन बनाकर टीम को बेहतर हाल में पहुंचाया। लगातार 6 मैच हार चुकी आरसीबी को हर कोई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर मान रहा था पर टीम ने हार नहीं मानी। आरसीबी ने पलटवार किया और तीन सप्ताह में 5 मैच जीत अंक तालिका में टीम पांचवें नंबर पर पहुंच गयी।

आरसीबी ने आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ मुकाबले से की। शुरआत में टीम में ग्लेन मैक्सवेल, अल्जारी जोसेफ जैसे विदेशी खिलाड़ी थे जिन्हें 10 करोड़ से अधिक की रकम देकर खरीदा गया था पर वे असफल रहे। वेस्टइंडीज के जोसेफ फेल हुए तो इंग्लैंड के रीस टॉपली आए। टॉपली को बेहतरीन टी20 गेंदबाजों में शामिल किया जाता है पर वह भी टीम को पटरी पर नहीं ला पाये। इसके बाद स्वदेशी खिलाड़ियों को अंतिम ग्यारह में लाया गया।

इस प्रकार युवा यश दयाल और स्वप्निल सिंह को अवसर दिया गया, इन सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया। शुरुआती सत्र में विफल रहे रजत पाटीदार और मोहम्मद सिराज भी दूसरे दौर में लय में आ गये। विराट पहले से ही जमे हुए थे। अब उनको अन्य खिलाड़ियों का साथ भी मिल गया था। इस प्रकार देखा जाये तो जब विदेशी दिग्गज नाकाम हो गए तो आरसीबी की कमान भारतीय खिलाड़ियों ने संभाली। इस टीम की ओर से जिन 4 बल्लेबाजों ने 300 से ज्यादा रन बनाए हैं, उनमें से तीन भारतीय हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो विराट , पाटीदार और कार्तिक ने आरसीबी को जीत की राह पर धकेला। विराट ने सबसे अधिक 661 रन बनाए हैं जबकि रजत पाटीदार ने 320 और दिनेश कार्तिक ने 301 रन बनाए हैं। टीम की ओर से 300 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज कप्तान फाफ डू प्लेसी के नाम 367 रन हैं पर फाफ औसत के मामले में विराट, कार्तिक और पाटीदारा तीनों से पीछे हैं। इसके अलावा स्ट्राइक रेट में भी कार्तिक और पाटीदार उनसे आगे हैं।

आरसीबी के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी भारतीय ही आगे हैं। यश दयाल 13 और मोहम्मद सिराज 12 विकेट को गेंदबाजी में आरसीबी का नायक कहा जा सकता है। अनकैप्ड स्वप्निल ने भी अच्छी भूमिका निभाई है। स्वप्निल ने 5 मैच में 6 विकेट झटके हैं. सबसे खास बात यह कि उनका औसत 16.83 है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in